

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 26 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 155 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

राम चरण ने तेलुगु सिनेमा की ताकत...8



# सीमाओं पर दोहरे खतरे का सामना कर रहा भारत

## राजनाथ बोले:तकनीक के क्षेत्र में अग्रिम होना बहुत आवश्यक




नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने श्डीआरडीओ एकेडेमिया कॉन्क्लेवश में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के विकास में रिसर्च एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब तक हम रिसर्च नहीं करेंगे, तब तक हम नई–नई तकनीक को अपना नहीं पाएंगे। राजनाथ ने कहा कि आज अर्थव्यवस्था, राजनीति, समाज, कृषि और कनेक्टिविटी आदि सभी सेक्टर में रिसर्च और तकनीक का समावेश काफी हद तक हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज जब क्त्क्व और एकेडेमिया के बीच साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है, तो मुझे विश्वास है कि इस साझेदारी के माध्यम से होने वाली रिसर्च, अनेक नए संसाधन को अनलॉक करेंगी और इससे न केवल क्त्क्व और एकेडेमिया, बल्कि हमारा पूरा देश लाभान्वित होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत जैसे देश के लिए तो यह इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि हम अपनी सीमाओं पर दोहरे खतरे का सामना कर रहे हैं। ऐसे में पूरी दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए, हमारा तकनीक के दृष्टिकोण में ंकअंदबम होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज हम दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक हैं, हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम की चर्चा पूरी दुनिया में होती है। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है, कि देश के हितों की सुरक्षा करने के लिए हमारे पास एक तकनीक में आगे सेना हो। आप लोग देख रहे हैं, कि हमारे देश में स्टार्ट–अप्स की संख्या लगातार बढ़ रही है, और इस प्रकार की साझेदारी हमारे देश में स्टार्ट–अप्स कल्चर को और बढ़ाने में मददगार साबित होगी।

भाजपा नेता ने कहा कि डीआरडीओ के पास एक बेहद उन्नत बुनियादी ढाँचा है। आज डीआरडीओ के पास लगभग 50 संइे हैं, जो देश के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट क्षेत्र में शोध करना करते हैं। डीआरडीओ के साथ साझेदारी, हमारी एकेडेमिया को भी डीआरडीओ के उन संइे का ंबबमे प्रदान करेगी।

# नए संसद भवन के उद्घाटन में तमिलनाडु के 20 आदिनम होंगे शामिलः निर्मला सीतारमण



चेन्नई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि तमिलनाडु के 20 आदिनम (महंत) 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किए गए हैं। इस अवसर पर अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया गया रस्मी राजदंड 'सेंगोल' भी स्थापित किया जाएगा। तमिलनाडु, तेलंगाना और नगालैंड के राज्यपालों के साथ यहां पत्रकारों से बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री को 'सेंगोल' सौंपे जाने की घटना तमिलनाडु के लिए बेहद खास है। आजादी के बाद सत्ता हस्तानांतरण की प्रक्रिया के सिलसिले में नेहरू ने 'राजाजी' के नाम से लोकप्रिय पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी आर राजगोपालाचारी से चर्चा की थी। इसके बाद राजाजी ने इस संबंधा में शैव संत तिरुवदुथुरई आदिनम से चर्चा की थी, जिसके बाद उनकी सलाह पर सत्ता हस्तानांतरण के लिए 'सेंगोल' तय किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। सीतारमण ने कहा कि उद्घाटन समारोह के लिए तिरुवदुथुरई, पेरूर और मदुरै सहित तमिलनाडु के 20 आदिनाम को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। तमिल में, आदिनम शब्द एक शैव मठ और ऐसे मठ के प्रमुख दोनों को संदर्भित करता है।

# नए संसद भवन के उद्घाटन पर विवाद को लेकर अशोक गहलोत का सुझाव, पीएम और लोकसभा अध्यक्ष चर्चा कर राष्ट्रपति को बुलाने का निर्णय ले सकते हैं

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक–दूसरे से बात करने और संसद भवन के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित करने पर निर्णय लेने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा की गई श्गलतियोंश को सुधारने के लिए अभी भी बहुत देर नहीं हुई है। लगभग 100 साल बाद नई संसद की इमारतें की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्घाटन की श्अचानकश घोषणा गरिमा के साथ नहीं की गई थी। अशोक गहलोत ने सवाल उठाते हुए पूछा कि ऐसी भी क्या इमरजेंसी थी? उद्घाटन से कम से कम महीने पहले घोषणा की जानी चाहिए थी। फिर सभी सभी राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में भाग ले रहे होते। उन्होंने उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए विपक्षी दलों द्वारा सामूहिक बहिष्कार का समर्थन किया। पीएम मोदी 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करने वाले हैं। घोषणा के बाद से ही विवाद छिड़ गया है।

# बिजनौर में नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



बिजनौर। बिजनौर जिले में मंडावली थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर उसके एक रिश्तेदार द्वारा बलात्ध्कार किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता 21 मई को एक विवाह समारोह में गई थी, तभी उसका दूर के रिश्ते का एक चचेरा भाई बहला–फुसला कर अपने साथ ले गया और उसने उसके साथ कथित रूप से बलात्कार किया। थाना मंडावली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रविंद्र कुमार ने बताया कि पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) कानून और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी अनूप को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किय गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला,बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा विधानसभा से अपने संबोधन के दौरान यूपी फ्री टेबलेट स्मार्टफोन योजना का शुभारंभ करने की घोषणा की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट प्रदान किए जाएंगे। लगभग 1 करोड़ युवाओं को इस योजना के माध्यम से लाभवंती किया जाएगा। सरकार द्वारा इस योजना का संचालन करने के लिए 3600 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल और डिप्लोमा में अध्ययनरत छात्र यूपी फ्री टेबलेट स्मार्टफोन योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।इस योजना के अंतर्गत




जनक्रांति प्राइवेट आईटीआई जोगीवीर उतरौला में 44 विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण किया गया टेबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते उतरौला के विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा टेबलेट पाने से न केवल विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा में इंटरनेट की मदद ले सकेंगे बल्कि उन्हें नौकरी के अवसर प्राप्त करने में भी सहूलियत होगी इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा की शिक्षा में टैबलेट के प्रयोग व उपयोगिता की जानकारी देकर बच्चों को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द्र गुप्ता, सभासद नीरज गुप्ता, विष्णु गुप्ता, जीवन लाल यादव, विजय पाल वर्मा विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा, फिटर के अनुदेशक उपेंद्र सिंह, व इलेक्ट्रिशियन के अनुदेशक मोहम्मद आलम अन्य सभी विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं अनुदेशक लोग भी मौजूद रहे।

# बेमौसम बारिश ने आदर्श नगर पालिका उतरौला की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला,बलरामपुर। गुरुवार को हुई बेमौसम बारिश ने आदर्श नगर पालिका उतरौला के सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। नगर के अनेक वार्डों एवं गलियों में पानी भर गया। करीब आधे घंटे की झमा झम बारिश ने आदर्श नगर पालिका उतरौला की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। जगह–जगह हुए जलभराव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बारिश की फुहारों से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। झमा झम बारिश से जहां एक तरफ लोगों को राहत मिली वहीं शहर की सफाई व्यवस्था की भी पोल खुल गई। नगर के अंदर नालों और नालियों का पानी उफनकर सड़क पर आ गया। जिसके चलते वार्ड नंबर 6 में काली माता मंदिर के सामने सहित, नगर की कई सड़कें ताल तलैया में तब्दील हो गई। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश के चलते उतरौला नगर की निचली बस्तियों में पानी भर गया। बारिश में वार्ड 6 की गली नाला बन गई। सड़कों पर जगह–जगह गड्ढों में पानी भर गया। सड़क पर जल भराव से दो पहिया वाहनों व एवं पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। अधिकतर गलियां और सड़कें भी चलने लायक नहीं रह गईं। सड़कों पर इतना कीचड़ हो गया कि लोगों को घर से बाहर निकलने में काफी परेशानी हुई। नाली, नालों का पानी सड़कों के ऊपर से बहने लगा। कई मोहल्ले की गलियां, नालियों के ओवरफ्लो से लबालब हो गईं।



# ओवर लोडिंग से हांफ रहा उतरौला बिजली उपकेंद्र अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला,बलरामपुर। आठ दशक पुराना बिजली उप केंद्र ओवर लोडिंग के चलते हांफ रहा है।उप केंद्र पर स्थापित तीन फीडर स्टेशन के आधार पर संचालित किए जा रहे हैं जिससे लोगों को अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।बिजली आपूर्ति में सुधार को लेकर स्थानीय समाज सेवियों व उपभोक्ताओं ने कई बार उपकेंद्र का घेराव कर चुके हैं लेकिन बिजली की बदहाली जस का तस बनी हुई है। मई महीने में प्रचंड गर्मी और अघोषित बिजली कटौती ने उतरौला उपकेंद्र के करीब 20हजार से अधिक उपभोक्ताओं को हलकान कर रखा है। ग्रामीण इलाकों को 18घंटे बिजली देने का सरकार का दावा यहां पहुंचकर फेल हो गया है।इसका सबसे बड़ा कारण उप केंद्र की जर्जर मशीनें और तार हैं, जरा सी ओवर लोडिंग पर उपकेंद्र की मशीन हांफने लगती हैं और तारों में स्पार्किंग होने लगती है।उपकेंद्र में महुवा फीडर, चमरूपुर फीडर और श्रीदत्तगंज नाम से तीन फीडर है इस उपकेंद्र से लगभग 15 किलोमीटर के क्षेत्रफल में बिजली आपूर्ति की जाती है।लेकिन 80साल पहले बने इस पावर हाउस का हालत बेहद खस्ता हो चुकी है।बिजली की लाइनें इतनी जर्जर हैं कि हवा के हल्के झोंके को भी बर्दाश्त नहीं कर पाते और टूटकर जमीन पर गिर जाते हैं यही स्थित उपकेंद्र में स्थापित मशीनों की है।क्षमता से अधिक लोड होने के कारण यह मशीनें अक्सर खराब हो जाती हैं मशीनों की खराबी से बचाने के लिए कर्मचारी रोस्टिंग कर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति करते हैं। बिजली कर्मियों का कहना है कि ओवरलोडिंग इतनी है कि तीनों फीडर एक साथ नही चलाया जा सकता, इसलिए एक फीडर पर कुछ देर सप्लाई देने के बाद उसे बंद कर दिया जाता है फिर दूसरे फीडर की सप्लाई बहाल की जाती है इस रोस्टिंग के कारण बिजली उपभोक्ताओं को अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उतरौला के भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली समस्या को लेकर रूपरेखा तैयार हो चुकी है कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर व जर्जर तारों को बदलने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है इससे लो वोल्टेज की समस्या समाप्त होगी और बिजली आपूर्ति में सुधार होगा।






# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला शव

## फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकलित किए हैं

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। नगर पंचायत मेहदावल कस्बा स्थिति रुहट्टा मोहल्ले में संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता का फंदे से लटका मिला शव परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक का पहचान राधा पत्नी सूरज निवासी नगर पंचायत मेहदावल मोहल्ला रूहट्टा की हुई। मृतक के पति बाहर में मजदूरी करते हैं ससुर बाहर ही मजदूरी करते हैं घर पर केवल सास और ननद ही मौजूद रहे। मामले की जानकारी पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई।इस संबंध में जब मेहदावल थाना अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ फंदे से शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



# समस्त राजकीय कृषि बीज भंडार पर धान के बीज उपलब्धः पी0सी0 विश्वकर्मा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा ने जनपद के किसान भाइयों को अवगत कराया है कि जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भंडार पर धान के बीज उपलब्ध हो गए है। उन्होंने बताया कि जनपद की सबसे प्रचलित एवं किसानों ने लोकप्रिय धान प्रजाति सांभा मंसूरी (बी पी टी 5204), गोल्डन मंसूरी (एम टी यू 7029), सरयू–52, सी ओ–51, धान पंत–24 उपलब्ध हो गई है। सीओ–51 ऐसी प्रजाति है जो 100 से 105 दिन में तैयार हो जाती है, धान की फसल जल्दी लेनी हो तो धान प्रजाति सी ओ–51 का प्रयोग करें। पंत–24, सरयू–52 एवम सी ओ–51 मोटी श्रेणी में धान प्रजाति है। आधारीय महीन धान रुपया 3970.00 प्रति कुंटल, मोटा धान रुपया 3940.00 प्रति कुंटल जबकि प्रमाणित धान बीज के महीने श्रेणी का रुपया 3824.00 प्रति कुंटल एवं मोटे धान का रुपए 3796.00 प्रति कुंतल है। बीज पर 50 फीसद अनुदान किसानों को उनके बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से दिया जाएगा। किसान भाई बीज को प्राप्त कर ट्राइकोडरमा से शोधित करके नर्सरी तैयार करें।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि संतृप्ति करण अभियान का कैंप लगा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला,बलरामपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत तख्तरवा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि संतृप्ति करण अभियान का कैंप लगाकर किसानों की समस्याओं का निराकरण किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के मंशा के अनुरूप किसान सम्मान निधि में आने वाली तमाम दिक्कतों को दूर करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में अभियान चलाकर किसानों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत तख्तरवा में भी शिविर लगाकर किसानों के सम्मान निधि में आने वाली समस्याओं को दूर करने हेतु शिविर लगाकर किसानों की समस्याओं को सुना गया। मौके पर कृषि विभाग के टेक्निकल असिस्टेंट अमित सिंह ग्राम पंचायत सचिव महेंद्र कुमार यादव प्रधान प्रतिनिधि दूधनाथ जायसवाल समेत संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जेसीबी से अमृत मानसरोवर की खुदाई का वीडियो वायरल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। मेहदावल विकास खंड के बराईपुर गांव में पोखरे की खुदाई मनरेगा मजदूरों से न कराकर जेसीबी से कराया जा रहा है। बृहस्पतिवार को दोपहर इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद बीडीओ मेहदावल ने कहां देखते हैं। प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना अमृत सरोवर योजना के तहत ग्राम सभा में भूमि का चयन कर मनरेगा के तहत पोखरा बनवाए जा रहे हैं। पोखरों के निर्माण से मनरेगा मजदूरों को भी रोजगार मिलने की बात कही गई थी। लेकिन जिम्मेदार यह कार्य मनरेगा मजदूरों से न कराकर जेसीबी से पोखरे की खुदाई करा रहे हैं। ताकि जल्दी से काम पूरा कराने का लाभ मिल सके। ऐसा ही एक मामला मेहदावल ब्लाक क्षेत्र के बराईपुर ग्राम सभा का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद किसी ने इसकी शिकायत। वहीं, खंड विकास अधिकारी मेहदावल से मामले मे जब फोन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि देखते हैं ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना अमृत मानसरोवर को पलीता लगाने में जुटे मेहदावल के एपीओ, सचिव,और वीडियो आखिर खंड विकास अधिकारी को जब फोन पर बात किया गया तो वीडियो वायरल के मामले में उन्होंने कहा देखते हैं ऐसा क्यों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वकांक्षी योजनाएं मे पलीता लगा रहे मेहदावल के ब्लॉक के अधिकारी।



- **मेहदावल वीडियो से बात की गई तो उन्होंने कहा देखते हैं**
- **मुख्यमंती योगी आदित्यनाथ के महत्वकांक्षी योजना पर मेहदावल ब्लाक केअधिकारी पलीता लगाने में जुटे**

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय

दैनिक बुद्ध का सन्देश

अलावल देवरिया,गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर जनपद गोंडा के निर्देशन में थाना मोतीगंज के थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना मोतीगंज की पुलिस टीम ने गैंगस्टर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना मोतीगंज थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 159/23 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर अधिनियम मे वांछित अभियुक्तगण जय नंदन पांडे पुत्र लक्ष्मीदत्त पांडे, गिरवर प्रसाद मिश्रा पुत्र पटनमेश्वरी प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम बेलावां थाना मोतीगंज जनपद गोंडा को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।उपनिरीक्षक त्रिपुरारी ओझा, उपनिरीक्षक रमेश कुमार, हेड कांस्टेबल राजकरन यादव, कांस्टेबल गंगाशरण यादव, कांस्टेबल राहुल पटेल शामिल रहे।



# निर्माणधीन आरओबी का निरीक्षण, 30 जून तक कार्य पूर्ण किए जाने का दिया निर्देशः जिलाधिकारी



दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। जनपद में डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा उतरौला बाईपास पर स्थित बलरामपुर गोंडा रेल मार्ग पर 2 लेन का निर्माणाधीन उपरिगामी (आरओबी) सेतु का निरीक्षण किया गया। उपरिगामी सेतु का निर्माण कुल 3410.76 लाख से सेतु निगम द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर मौजूद सहायक अभियंता सेतु निगम मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि आरओबी के दोनों ओर अप्रोच का कार्य 80 प्रतिशत के सापेक्ष 78 प्रतिशत पूर्ण है,रेलवे पोर्शन हेतु स्टील गर्डर कार्य स्थल पर आ चुका है। जिसकी क्वालिटी टेस्टिंग रेलवे विभाग द्वारा की जा रही हैं। उन्होंने बताया की टेस्टिंग पूर्ण होने पर रेलवे विभाग द्वारा ट्रेनों के संचालन को रोक कर गर्डर चढ़ाने हेतु परमिशन मिलने पर गर्डर लॉन्च कर दिया जाएगा। डीएम ने कहा की जून माह के अंत तक समस्त कार्य पूर्ण कर जनउपयोगी बनाए।

# अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुल से टकराई डीसीए

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मोतीगंज,गोंडा। नवाबगंज कस्बे के कटी तिराहे पर निर्माणाधीन पुल के पिलर में एक डीसीएम मंगलवार की रात जा टकराया।स्थानीय लोगों ने बताया कि डीसीएम का ड्राइवर नशे में धुत था। अरविंद नामक ड्राइवर डीसीएम पर पश्चिम बंगाल से कटहल लादकर बहराइच जा रहा था कि मंगलवार की रात करीब 11रू30 पर नवाबगंज कस्बे के कटी तिराहे के पास निर्माणाधीन पुल के पिलर में डीसीएम अनियंत्रित होकर जा टकरायी। शोर–शराबा सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पंहुचे और पुलिस को सूचना देने के साथ–साथ डीसीएम में फंसे ड्राइवर अरविंद और खलासी को बाहर निकाला। इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार डीसीएम का ड्राइवर और खलासी शराब के नशे में धुत थे।



# जल जीवन मिशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। चलाये जा रहे कार्यक्रम जल जीवन मिशन हर घर नल से जल योजना अंतर्गत वि.ख० उसका बाजार मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संस्था फैल्कान से आये प्रशिक्षको ने जल जांच करके उनकी गुणवत्ता के बारे मे बताया साथ ही क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के बारे मे लोगो को बताया साथ ही दूषित पेय जल से होने वाली बीमारियो के बारे बताया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लाक प्रमुख उसका बाजार राम सुरेश चौहान, सहायक विकास अधिकारी (पं) संजय सिंह, कार्य क्रम के जिला परियोजना समन्वक तौकीर आजम, सहायक गोविन्द सिंह, तरुण त्रिपाठी, गिरिजेश यादव एवं ग्राम पंचायतो से आयी



आंगनबाडी कार्यकत्री एवं विकास खंड कार्यालय के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात ब्लॉक प्रमुख राम सुरेश चौहान ने टीमों को हरी झण्डी दिखाकर ग्राम पंचायतो के लिए रवाना किया। उक्त आशय की जानकारी जिला परियोजना समन्वयक तौकीर आजम ने अपने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासदों का शपथ ग्रहण आज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत डुमरियागंज, नगर पंचायत बढ़नी चाफा तथा नगर पंचायत भारत भारी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा सभासदों का शपथ ग्रहण आज शुक्रवार को होगा। डुमरिया गंज नगर पंचायत अध्यक्ष शाजिया अतीक तथा सभासदों का शपथ ग्रहण राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमरियागंज के प्रांगण में साय 6 बजे होगा। तो बढ़नी चाफा के अध्यक्ष धर्मराज वर्मा तथा सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह राजेंद्र भारती इंटर कॉलेज बढ़नी चाफा में 4 बजे तथा नगर पंचायत भारत भारी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी तथा सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह भारत भारी मंदिर परिसर में 11 बजे होगा। उक्त जानकारी नगर पंचायतो के अधिशासी अधिकारियों ने देते हुए बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है शपथ ग्रहण उप जिलाधिकारी डुमरियागंज द्वारा कराया जाएगा।

## नए इमरजेंसी वार्ड का हुआ शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका



बाजार में गुरुवार को नए इमरजेंसी वार्ड का शुभारंभ चिकित्सक अधीक्षक एसके पटेल ने किया। इमरजेंसी वार्ड पहले अस्पताल के पीछे था लेकिन सीएमओ के आदेश के बाद इमरजेंसी वार्ड अस्पताल के मुख्य गेट पर इमरजेंसी वार्ड कर दिया गया। शुभारंभ होने के पश्चात मोहम्मद आमिर नामक मरीज का इलाज भी किया गया। अधीक्षक एसके पटेल ने बताया कि पुराने जगह से इमरजेंसी वार्ड हटाकर अस्पताल के मुख्यद्वार पर किया गया है इमरजेंसी वार्ड में अब आने वाले मरीज का इलाज होगा। इस दौरान मनीष पांडेय, रमेश भास्कर, रमेश चौधरी, पवन राय, अमित वर्मा, सुशील सिंह, विजय कुमार, संजू आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## 27 मई को नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल लेगी शपथ

### शपथ ग्रहण समारोह कल 27 मई को सुबह 11 बजे से

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल एवम वार्ड सदस्यो का शपथ ग्रहण समारोह कल 27 मई को सुबह 11 बजे से ब्लॉक परिसर में होगा। उक्त जानकारी नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल ने दी।

## जनरेटर करेंट के चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। बृहस्पतिवार को दोपहर



में विद्युत के चपेट में आने से एक 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार, मृतक मनीष वर्मा पुत्र शिव प्रसाद वर्मा गोल्हौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊ दक्षिणी का निवासी था, जो लोहे आदि में बिल्डिंग करने के लिए जिगनीहवा चौराहे पर अपनी दूकान खोल रखा था, और दोपहर में जनरेटर से कुछ बिल्डिंग का काम अपनी दुकान पर कर रहा था कि इतने में बिजली के चपेट में आ गया आनन–फानन में परिजन जिला अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर जब गोल्हौरा थाना प्रभारी बलजीत राव से बात की गई तो उन्होंने कहा हमे अभी तक इस मामले में कोई सूचना नहीं मिली है इसलिए कोई जानकारी नही है अभी देखते हैं यदि इस बारे में कोई सूचना प्राप्त होती है तो जो भी उचित होगा कार्यवाही की जाएगी।

## बांसी में जिला अस्पताल बनाए जाने की मांग,दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। जिला



अस्पताल बांसी कस्बे मे बनाए जाने की मांग को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन बृहस्पतिवार को एस डी एम प्रमोद कुमार को सौपा है। इनका कहना है कि बांसी जिले के मध्य मे स्थित है यहां अस्पताल बनने से पूरे जनपद के लोगो को लाभ मिलेगा। अपनी इस मांग को लेकर व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री ,स्वस्थ्य मंत्री सहित स्वस्थ्य विभाग के सभी उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा है। जिला मुख्यालय पर स्थित महात्मा गांधी संयुक्त जिला अस्पताल के स्व माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज मे समायोजित होने के बाद से जिला अस्पताल बनने की चर्चा इन दिनो जोरो पर है। ज्ञापन सौपने वाले प्रतिनिधि मंडल मे शामिल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल महामंत्री डा अनूप कुमार अग्रहरि व महताब अहमद का कहना है कि बांसी तहसील मुख्यालय जिले के मध्य मे स्थित है एसे मे जिला अस्पताल बांसी मे बनने से मरीजों व आपात सेवा मे पूरे जिले के लोगों को लाभ मिलेगा ।व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि अभी पत्र के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र देकर जिला अस्पताल बनाए जाने की मांग किया जा रहा है आवश्यकता पड़ने पर जनहित को देखते हुए अन्दोलन भी किया जायेगा।

## शहरी सरकार की शपथ आज, प्रशासनिक तैयारियां पूरी

### दस निकायों में 10 चेयरमैन व 153 सभासद लेंगे शपथ

बस्ती। नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शुक्रवार को 11 बजे कचहरी स्थित अटलबिहारी आडिटोरियम में होगा। एसडीएम सदर विनोद कुमार पाण्डेय पालिका की नवनिर्वाचित चेयरमैन नेहा वर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। प्रांगण को सजाया सवांरा गया है। नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष और उनके पति अंकुर वर्मा ने तैयारियों का जायजा लिया। नगर पालिका परिषद कार्यालय की भी साफ–सफाई हो रही है।

गायघाट में पहले अध्यक्ष और बोर्ड के लिए इंतजार खत्म

नवसृजित गायघाट नगर पंचायत वासियों के लिए इंतजार की घड़ियां अब खत्म हो चुकी हैं। शनिवार को नगर पंचायत गायघाट को पहला अध्यक्ष और बोर्ड मिल जाएगा। इसके लिए तहसील प्रशासन ने पूरे इंतजामात को अंतिम रूप दे दिया है। गायघाट स्थित एकता मैरेज हॉल में शनिवार को दिन में एक बजे शपथ ग्रहण होगा।

करीब डेढ़ साल पहले नगर पंचायत का दर्जा मिला था। पहले अध्यक्ष के साथ सभी 10 वार्डों के सदस्य भी शपथ लेंगे। दोपहर एक बजे शपथ ग्रहण शुरू होगा। एसडीएम सदर ही को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भी शपथ ग्रहण कराएंगे, इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष सभी सदस्यों को सदस्य पद के लिए शपथ ग्रहण कराएंगे।

नवसृजित नगर बाजार पंचायत में खुशी

नवसृजित नगर पंचायत नगर बाजार की प्रथम अध्यक्ष नीलम सिंह राना और सभी वार्डों के सदस्य शुक्रवार को दिन में पौने एक बजे शपथ ग्रहण करेंगे। एसडीएम सदर अटलबिहारी आडिटोरियम परिसर में शपथ ग्रहण कराएंगे। यह जानकारी ईओ ने दी। यहां भी पहले चेयरमैन शपथ लेंगी फिर उसके बाद वह नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाएंगी।

गनेशपुर में पहले अध्यक्ष और बोर्ड के लिए इंतजार खत्मः नगर पंचायत वासियों के लिए इंतजार की घड़ियां अब खत्म हो चुकी हैं। शुक्रवार को नगर पंचायत को पहला अध्यक्ष और बोर्ड मिल जाएगा। इसके लिए तहसील प्रशासन ने पूरे इंतजामात को अंतिम रूप दे दिया है। अटलबिहारी आडिटोरियम परिसर में ही दिन में साढ़े 12 बजे शपथ ग्रहण होगा। गनेशपुर नगर पंचायत पूर्ण रूप से अपने अस्तित्व में नहीं है। जबकि करीब डेढ़ साल पहले नगर पंचायत का दर्जा मिला था। पहले अध्यक्ष के साथ सभी वार्डों के सदस्य भी शपथ लेंगे। दोपहर 12.30 बजे शपथ ग्रहण शुरू होगा। एसडीएम सदर अध्यक्ष पद के लिए शपथ ग्रहण कराएंगे, इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष सभी सदस्यों को सदस्य पद के लिए शपथ ग्रहण कराएंगे।

नवसृजित मुंडेरवा नगर पंचायत में इंतजार

बनकटी। नवसृजित नगर पंचायत मुंडेरवा की प्रथम अध्यक्ष और सभी वार्डों के सदस्य शुक्रवार कोअपरान्ह तीन बजे शपथ ग्रहण करेंगे। एसडीएम सदर ही कचहरी स्थित अटलबिहारी आडिटोरियम परिसर में शपथ ग्रहण कराएंगे। गुरुवार को यह जानकारी ईओ ने दी।

–बनकटी में दूसरी बार शपथ लेगा नवनिर्वाचित बोर्डः नगर पंचायत बनकटी में दूसरी शनिवार को नव निर्वाचित नगर पंचायत बोर्ड शनिवार को शपथ लेगा यहां का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सीडीए एकेडमी मथौली,बनकटी में 27 मई को दिन में 11 बजे से होगा। यहां पर नपं चेयरमैन को एसडीएम सदर विनोद कुमार पाण्डेय शपथ दिलाएंगे।

हर्रैया, बभनान व कप्तानगंज में शपथ ग्रहण आज

हर्रैया। नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर शुक्रवार को दिन में 11 बजे नगर पंचायत कप्तानगंज, 12.30 पर नपं बभनान और सायं चार बजे नगर पंचायत हर्रैया के चेयरमैन व सदस्य शपथ लेंगे। चेयरमैन के शपथ के तुरंत बाद ही शेड्यूल के मुताबिक तीनों नगर पंचायत के सभी वार्डों के सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे। हर्रैया तहसील प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। यहां पर तीनो नवनिर्वाचित चेयरमैन को एसडीएम हर्रैया गुलाब चन्द्र पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। उसके बाद सभी सदस्य भी शपथ लेंगे।

रुधौली तहसील परिसर में शपथ आजः रुधौली। स्थानीय नगर पंचायत के नवनिर्वाचित चेयरमैन व सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुक्रवार को दिन में 11 बजे से आयोजित किया गया है। एसडीएम रुधौली अतुल आनंद नगर पंचायत चेयरमैन को शपथ दिलाएंगे बाद में नवनिर्वाचित सदस्यों को नगर पंचायत अध्यक्ष की ओर से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

## राष्ट्रपति के हाथों कराया जाय नये संसद भवन का उद्घाटन–महेन्द्र श्रीवास्तव

बस्ती। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी आर.टी.आई. प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा है कि देश के नये संसद का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों से कराया जाय। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित न करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनका बल्कि देश के आदिवासी समुदाय का भी अपमान किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ''आदिवासी समुदाय से संबंधित राष्ट्रपति को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित न करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका अपमान किया है। उन्होंने न तो नए संसद भवन का शिलान्यास किया और न ही उन्हें 28 मई को इसके उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। यह राष्ट्रपति का अपमान है और देश के आदिवासी समुदाय और उन नागरिकों का भी जो भारतीय संविधान में आस्था रखते हैं।'' महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'का अहंकार और आत्म गौरव अब अपने चरम पर पहुंच गया है। यहां तक कि उन्होंने नवीनीकरण के बाद अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम का नाम भी बदल दिया।कहा कि वर्तमान संसद परिसर एक विरासत भवन है जिसमें सभी आवश्यक व्यवस्था हैं। अगर उस परिसर में कोई कमी थी तो उसका जीर्णोद्धार किया जा सकता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने नए संसद भवन पर हजारों करोड़ रुपये खर्च कर दिए। कहा कि अनुच्छेद 75 के अनुसार संसद का प्रमुख राष्ट्रपति होता है तथा संसद उन्हीं के अधीन चलती है। कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रपति के द्वारा नये संसद भवन उद्घाटन न कराकर केन्द्र की मोदी सरकार संवैधानिक व्यवस्थाओं को नकार रही है।



## सम्पादकीय

**जापान की एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में अमेरिकी राजदूत ने कहा– श्जी–7 आज पहले के किसी मौके की तुलना में अधिक प्रासंगिक है, क्योंकि दुनिया किसी ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था की तलाश में है, जो काम कर सकने में सक्षम हो।ं उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र अब वैसी प्रभावी संस्था नहीं रह गया है, जैसा ...**

# जिस जी–20 का हल्ला है!

अब यह बात अमेरिका की तरफ से लगभग आधिकारिक रूप से कह दी गई है कि अब वह जी–7 को ही एकमात्र प्रासंगिक मंच मानता है। जापान स्थित अमेरिकी राजदूत ने जी–7 शिखर सम्मेलन के समय यह कहा कि संयुक्त राष्ट्र और जी–20 एक निष्क्रिय मंच बन गए हैं। भारत में जी–20 की मेजबानी मिलने का बड़ा शोर है। यह दीगर बात है कि ऐसे समूहों की मेजबानी उसके सदस्य हर देश को रोटेशन से मिलती है। मगर सत्ताधारी पार्टी के सूचना तंत्र ने इस मौके को भारत की बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश कर रखा है। बहरहाल, जब साधारण–सी बात पर बहुत से लोगों ने गौर नहीं किया है, तो उन्हें इस बात की शायद ही कोई सूचना होगी कि दुनिया आखिर इस मंच को ही किस नजरिए से देख रही है। विश्लेषक तो पहले से बता रहे थे कि जी–20 एक अप्रसांगिक मंच हो चुका है। बहरहाल, अब यह बात अमेरिका की तरफ से लगभग आधिकारिक रूप से कह दी गई है। और यह बात कहते हुए कई विश्लेषण पश्चिम के प्रतिष्ठित प्रकाशनों में छपे हैं। अमेरिका का रुख जापान में उसके राजदूत राह्म इमैनुएल ने उस समय स्पष्ट किया, जिस रोज इस देश के शहर हिरोशिमा में जी–7 का शिखर सम्मेलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और जी–20 एक निष्क्रिय मंच बन गए हैं। जापान की एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में अमेरिकी राजदूत ने कहा– श्जी–7 आज पहले के किसी मौके की तुलना में अधिक प्रासंगिक है, क्योंकि दुनिया किसी ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था की तलाश में है, जो काम कर सकने में सक्षम हो।ं उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र अब वैसी प्रभावी संस्था नहीं रह गया है, जैसा पहले यह हुआ करता था। यूक्रेन पर हमले के बाद यह बात और जाहिर हो गई। जबकि इस वर्ष मार्च में नई दिल्ली में हुई जी–20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में साझा बयान पर सहमति नहीं बन सकी। ऐसे में वहां उसे सदस्य देशों के यूक्रेन युद्ध पर रुख के बारे में मेजबान देश यानी भारत की तरफ से तैयार सार–संक्षेप पर संतोष करना पड़ा। पश्चिम के भू–राजनीतिक विशेषज्ञों ने भी ऐसी राय जताई है। उनके मुताबिक जी–7 में ऐसे देश शामिल हैं, जिनकी भू–राजनीति से लेकर सुरक्षा और आर्थिक मसलों पर एक जैसी राय है। जबकि जी–20 में ऐसी बात नहीं है, नतीजतन उसकी बैठकों में कुछ हासिल नहीं हो रहा है।




# सूर्य को ग्रहों का राजा अथवा पिता माना जाता है

ज्योतिष में बारह राशियां और नौ ग्रह माने जाते हैं। ये नौ ग्रह अपने अपने स्वभाव के अनुसार ही जातक को फल प्रदान करते हैं। इन नौ ग्रहों में सूर्य का विशेष स्थान है। सूर्य को ग्रहों का राजा अथवा पिता का स्थान दिया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सूर्य का स्वभाव राजा के समान होता है। वह किसी भी प्रकरण में समझौता कदापि पसंद नहीं करता। सूर्य दंभी होने के साथ ही साथ विशाल ह्रदय के स्वामी हैं। जिन जातकों की कुंडली में सूर्य की अच्छी स्थिति होती है, उनका रहन सहन और तौर तरीके राजसी होते हैं। ऐसे लोग जल्दी किसी से घुल मिल नहीं पाते हैं। वे परिस्थितियों से आसानी से समझौता भी नहीं कर पाते। किंतु ऐसे जातक किसी के प्रति दुराग्रह नहीं रखते हैं। इसके साथ ही वे किसी के प्रति मन में मैल नहीं रखते हैं। उनका ह्रदय साफ होता है। फिर भी कभी कभी वे क्रुद्ध हो जाते हैं। दरअसल सूर्य को पिता का कारक माना जाता है तो उसका स्वभाव भी उस पिता की तरह होता है जो भले ही बच्चों को गलती होने पर डांटते फटकारते हैं किंतु मौन रूप से उनके लिए समर्पित होते हैं। इसके साथ ही बच्चों के वर्तमान और भविष्य का पूरा ध्यान रखते हैं। कुंडली में सूर्य की अच्छी स्थिति पिता के साथ मधुर संबंधों की द्योतक है। वहीं यह भी उतना ही सच है कि जिन जातकों की कुंडली में सूर्य दोषपूर्ण है, वे पिता के सामान्य सुखों से वंचित होते हैं।



**लेखक विनय कांत मिश्र/ दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# ट्रक पर सवार राहुल

**नाव, बस, ट्रक, साइकिल, स्कूटी आम लोगों के ये वाहन उनकी जिंदगी की धुरी भी हैं। अब राहुल गांधी की इन वाहनों की सवारी से आम भारतीयों से उनका और करीब का रिश्ता बन रहा है। इसका चुनावी राजनीति पर क्या असर होगा, ये तो बाद की बात है, फिलहाल ये देखना सुखद है कि इस दौर का कोई नेता गांधीजी की तरह राजनीति को आम लोगों से जोड़ रहा है...**

राहुल गांधी के राजनैतिक विचारों से कोई सहमत या असहमत हो सकता है। एक राजनेता के तौर पर उन्हें पसंद या नापसंद किया जा सकता है। लेकिन उनकी राजनीति के तौर–तरीकों पर हैरान हुए बिना नहीं रहा जाता। राहुल गांधी अचानक कोई ऐसा काम कर जाते हैं, जिसे देखकर सवाल उठता है कि आज के दौर में क्या इस तरह से भी राजनीति हो सकती है। राहुल गांधी का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वे ट्रक पर चढ़ते, ट्रक की सवारी करते दिख रहे हैं और उसके बाद ट्रक वालों से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। दरअसल राहुल गांधी अपने परिवार के पास शिमला जा रहे थे। लेकिन इसके लिए सीधे कार से न जाकर, उन्होंने अंबाला से चंडीगढ़ तक का सफर ट्रक से तय किया। अभी कर्नाटक चुनाव में राहुल गांधी ने लोकल बस में सवारी की थी, जिसमें आम महिलाओं से बातचीत कर उनकी वास्तविक स्थिति के बारे में जाना था। कर्नाटक में उन्होंने डिलीवरी करने वाले शख्स के साथ स्कूटी की सवारी की थी। चुनाव से पहले श्री गांधी जब दिल्ली में थे, तो वे एक दिन मुखर्जी नगर इलाके में पहुंच गए, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थी बड़ी संख्या में रहते हैं। राहुल गांधी ने उन लोगों के बीच बैठकर उनसे बातें कीं। इसके कुछ दिन बाद वे दिल्ली विश्वविद्यालय के हॉस्टल पहुंच गए, और वहां छात्रों के साथ दोपहर का भोजन करते हुए उनकी समस्याओं और भावी तैयारियों के बारे में जानकारी ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस पर राहुल गांधी को नोटिस भेजकर अपनी आपत्ति भी जतलाई और इसे अनाधिकार प्रवेश करार दिया। कर्नाटक की बस यात्रा में भी कुछ लोगों ने इस बात पर ही आपत्ति जतलाई थी कि राहुल गांधी महिलाओं के लिए आरक्षित सीट पर क्यों बैठे। अच्छा है कि महिलाओं के हक के बारे में इतना सोचने वाले लोग हैं, अन्यथा कभी बस पर, कभी सड़क पर, कभी घर या दफ्तर पर रोजाना महिलाओं के सम्मान और अधिकारों पर चोट होती है और कहीं कोई उफ् भी नहीं निकलती। दिल्ली के जंतर–मंतर पर ही महिला पहलवान न्याय के लिए महीने भर से बैठी हैं, मगर उनके समर्थन में ऐसी तत्परता नजर नहीं आई। बहरहाल, राहुल गांधी ने इस बार ट्रक की सवारी कर फिर से नए सियासी रास्ते खोल दिए हैं। देश के लोग राजनेताओं को लालबत्ती वाली गाड़ियों, प्राइवेट विमानों, हेलीकॉप्टरों में देखने के आदी हो चुके हैं। कोई राजनेता वीआईपी संस्कृति दूर करने का ऐलान करता भी है, तो उसमें पूरा तामझाम नजर आ जाता है। प्रधानमंत्री के रोड शो ही याद कर लें, जिसमें करोड़ों रुपए फूंक दिए जाते हैं, सिर्फ इसलिए कि एक व्यक्ति की जय–जयकार होती रही, उस पर फूलों की बौछार होती रहे। कई बार भ्रम हो जाता है कि हम लोकतंत्र में जी रहे हैं या राजशाही में। अभी श्री मोदी विदेश दौरे पर हैं, तो वहां भी उनके कार्यक्रमों को भव्य बनाने के लिए बेतहाशा खर्च हो रहा है। अब वो खर्च चाहे जिसकी जेब से हो, उसकी वसूली का इंतजाम सत्ता के जरिए ही कराया जाता है। मोदीजी पहले प्रधानमंत्री नहीं हैं, जो विदेश यात्राओं पर जाते हैं। उनके पहले भी तमाम प्रधानमंत्री कूटनीतिक यात्राएं करते थे। पं.नेहरू की लोकप्रियता का आलम तो ये था कि वे जिस देश में जाते, वहां लोग उन्हें देखने और उनके भाषण को सुनने के लिए उमड़ पड़ते। हिरोशिमा में नेहरूजी की सभा में कितनी भीड़ एकत्र हुई, या जॉन एफ केनेडी किस तरह प्रोटोकॉल तोड़कर विमान के दरवाजे पर नेहरूजी के स्वागत के लिए आ गए, ऐसी तमाम तस्वीरें इतिहास के पन्नों पर अंकित हैं। लेकिन श्री मोदी की हर विदेश यात्रा को इसी तरह पेश किया जाता है, मानो उनसे पहले किसी का कोई स्वागत हुआ ही नहीं। राजनैतिक प्रचार के इस दौर में राहुल गांधी अब जनता के बीच सीधे पहुंचकर एक नयी और लंबी लकीर खींच रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने साढ़े तीन हजार किमी का सफर पैदल तय किया और इस दौरान वे लगातार देश के आम लोगों के बीच ही रहे। इस यात्रा से राहुल गांधी को एक नेता से पहले एक सामान्य व्यक्ति के तौर पर लोगों ने पहचाना, जिसमें अदम्य इच्छाशक्ति और मानवीय गुण है। हालांकि राहुल गांधी पहले भी इसी तरह लोगों के बीच जाया करते थे। भट्टा परसौल से लेकर हाथरस तक, कठुआ कांड को लेकर दिल्ली में मार्च निकालने से लेकर लॉकडाउन के दौरान सड़क पर मजदूरों से बात करने तक वे कई मौकों पर जनता के बीच आए। लेकिन तब भाजपा के प्रचार तंत्र की बदौलत राहुल गांधी की छवि शहजादा और नौसिखिए राजनेता की बनी हुई थी, इसलिए जननेता के तौर पर निभाई जाने वाले उनकी ईमानदारी जिम्मेदारियों को भी सस्ते मजाक का सबब बना दिया गया। मगर राहुल गांधी इन सबसे अविचलित रहकर अपने काम में लगे रहे। फिर भारत जोड़ो यात्रा में जब वे इस प्रचार तंत्र की उम्मीदों के विपरीत डटे रहे और हर तरह की मुसीबत का सामना करते हुए यात्रा पूरी कर ली, तो फिर उनकी छवि बिगाड़ना आसान नहीं रहा, क्योंकि अब जनता ने असली राहुल गांधी को देख लिया है। अब श्री गांधी कुछ भी करते हैं तो उस पर जनता का ध्यान जाता है और मीडिया अगर उसे जानबूझकर दबाने की कोशिश करे, तो वह भी नजर आ ही जाता है। भारतीय समाज में ट्रकों का विशिष्ट स्थान है। ट्रकों के पीछे लिखी लाइनें हमेशा से अनोखे अंदाज में जीवन के फलसफे सामने लाती रही हैं। इन्हें लिखने वाले गुमनाम लेखक जीवन की वास्तविकताओं को गहराई से समझते हैं और बड़ी सहजता से उन्हें बयां कर देते हैं। राहुल गांधी भी इसी शैली में राजनीति कर रहे हैं। वे विशिष्टता के भाव को पीछे छोड़ते हुए सहज तरीके से आम लोगों से घुल मिल रहे हैं, ताकि राजनीति में फिर आम जनता को केंद्र में लाया जा सके। उसे ध्यान में रखकर नीतियां और कानून बनें।

# न जेलेंस्की-पुतिन थकेंगे, न युद्ध खत्म होगा!

**राष्ट्रपति जेलेंस्की का दुर्भाग्य था कि हिरोशिमा की यात्रा के बाद भी वे तटस्थ देशों को अपना नहीं बना सके। परन्तु हाँ, वे अमरीका से 375 अरब ड्ड्लर का सैनिक सहायता का आश्वासन लेकर जरूर गए। जो बाइडन ने कहा कि इस पैकेज में गोलाबारूद, तोपें, बख्तरबंद गाडियाँ और ट्रेनिंग शामिल है। इसके कुछ ही दिन पहले, बाइडन ने इंग्लैंड और अपने अन्य मित्र देशों को अमरीका में बने एफ–16 लड़ाकू ...**

श्रुति व्यास

यूक्रेन–रूस में चल रहे युद्ध का अंत दूर–दूर तक दिखलाई नहीं दे रहा है। रूस का दावा है कि उसने बखमुत शहर पर कब्जा कर लिया है परन्तु वह उसी क्षेत्र में और सैनिक भेज रहा है। इसके उलट यूक्रेन कह रहा है कि इस पूर्वी शहर पर कब्जे के लिए एक साल से जारी भीषण युद्ध में ष्दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचा हैष।ऐसा लगता है कि न तो कोई जीत रहा है और ना ही कोई हार रहा है। इसलिए युद्ध चलता जा रहा है। परन्तु दोनों पक्ष कूटनीति की बिसात पर अपनी–अपनी चालें चल रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की समर्थन, आर्थिक मदद और असलहा हासिल करने के लिए दुनिया के एक छोर से दूसरे छोर तक दौड़ लगा रहे हैं।





अभी दस दिन पहले तक वे यूरोप में घूम रहे थे। वे पहले इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मिले, जिन्होंने उनसे वायदा किया कि जब तक जरूरी होगा तब तक इटली, रूस से जंग के लिए यूक्रेन को हथियार सप्लाई करता रहेगा। वहां से टाइफून लड़ाकू जेट विमानों की सुरक्षा में वे बर्लिन पहुंचे और जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज से मिले। शोल्ज ने यूक्रेन के लिए 2।9 अरब डॉलर के सहायता पैकेज की घोषणा की, जिसमें हवाई हमलों से बचने की प्रणाली और टैंक शामिल हैं। बर्लिन से शोल्ज के साथ वे जर्मनी के आखेन शहर गए जहाँ उन्हें यूरोप के लोगों में एकता स्थापित करने के लिए शारलेमेन पुरस्कार से नवाजा गया। यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उनकी तारीफों के पुल बांध दिए। उन्होंने कहा, ष्यूक्रेन तो यूरोप के सभी प्रिय आदर्शों का मूर्त स्वरूप हैरू उसमें अपने मत पर दृढ रहने का साहस है, वह अपने मूल्यों और अपनी आजादी के लिए लडना जानता है और वह शांति और एकता के प्रति प्रतिबद्ध है।ष पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जेलेंस्की फ्रांस पहुंचे जहाँ राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने युद्ध जारी रखने के लिए यूक्रेन की हर संभव सहायता देने का वायदा किया।

वायदों से भरी अपनी झोली पीठ पर टांग जेलेंस्की जेड के आगे न जाने कितने प्लस वाली श्रेणी की अपनी सुरक्षा के साए में यूरोप से हिरोशिमा में चल रही जी7 शिखर बैठक में पहुंचे। उनकी यात्रा ष्आकस्मिक और अनापेक्षितष बताई गयी। हिरोशिमा में वे पश्चिम से बाहर की दुनिया के सामने अपनी बात रखना चाहते थे।

यूक्रेन के कूटनीतिक मिशन से भारत, चीन, ब्राजील और कम से कम 20 अफ्रीकी देश एकदम अप्रभावित हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के अनुसार इसका कारण यह है कि ये देश रूस के नैरेटिव पर तो ध्यान दे रहे हैं परन्तु यूक्रेन का सच समझ नहीं पा रहे हैं। कुलेबा ने पिछले साल अक्टूबर में अफ्रीकी देशों सेनेगल, आइवरी कोस्ट, घाना और कीनिया की अपनी यात्रा में रूस के झूठ के मुकाबिल यूक्रेन का सच बताने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा था कि पहली बात तो यह है कि 2014 में रूस ने जब सबसे पहले यूक्रेन पर हमला किया था तब यूक्रेन की नीति तटस्थता की थी और वह नाटो की सदस्यता लेने के बारे में सोच तक नहीं रहा था। दूसरे, रूस का यह दावा एकदम झूठा है कि यूक्रेन और रूस एक देश हैं। कुलेबा ने अफ्रीकी पत्रकारों से बातचीत में कहा, ष्जरा सोचिये कि अगर आपका पड़ोसी देश आपसे कहे कि तुम्हारी न तो कोई अलग भाषा है, न संस्कृति और ना ही इतिहास। तुम्हारा अलग देश बनना तो एक भूल है।ष और तीसरे यह कि रूस का यह कहना गलत है कि वह तो केवल शांति चाहता है।

इस साल अप्रैल में यूक्रेन की उप विदेशमंत्री एमीन झापरोवा ने अपनी भारत यात्रा के दौरान भी यही बातें कहीं थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत और यूक्रेन दोनों ने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष किया था परन्तु साथ ही आश्चर्य व्यक्त किया कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल पिछले कुछ महीनों में तीन बार मास्को हो आये हैं परन्तु उन्होंने एक बार भी कीव का रुख नहीं किया। शायद भारत की इसी बेरुखी का कारण जानने के लिए जेलेंस्की ने यह सुनिश्चित किया कि जी7 शिखर बैठक के दौरान उनकी प्रधानमंत्री मोदी से आमने–सामने बातचीत हो। परन्तु इस बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा ने तो श्समय की कमीय के कारण जेलेंस्की से वन–टू–वन मुलाकात करने से ही इंकार कर दिया। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने शुरू में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि हिरोशिमा में मुलाकातें जेलेंस्की के लिए गेमचेंजर नहीं होंगीं।




# आईपीएल 2023: कप्तान क्रुणाल पांड्या की एक गलती से लखनऊ को हुआ बड़ा नुकसान, एलिमिनेटर मुकाबले में मिली मुंबई से हार

आईपीएल 2023 के एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को मुंबई इंडियंस से 81 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही लगातार दूसरी बार लखनऊ को प्लेऑफ से बाहर होना पड़ा है। लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी केएल राहुल की अनुपस्थिति में क्रुणाल पांड्या कर रहे थे। हालांकि, क्रुणाल पांड्या ने इस मैच में कई गलतियां की लेकिन एक गलती की खूब चर्चा हो रही है। मुंबई इंडियंस इस जीत के बाद क्वालीफायर 2 में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। क्रुणाल पांड्या ने अपनी टीम से महत्वपूर्ण मुकाबले में क्विंटन डी कॉक जैसे बड़े खिलाड़ी को बाहर रखा। एलएसजी ने डी कॉक को बाहर रखा और शुरुआती एकादश में केवल 3 विदेशी खिलाड़ियों के साथ गई और काइल मेयर्स को उनके बाद में इम्पैक्ट सब के रूप में इस्तेमाल किया।



काइल मेयर्स के लिए आईपीएल की शुरूआत अच्छी हुई थी लेकिन बाद में वह फॉर्म से बाहर नजर आए। पिछले पांच मुकाबलों की बात करे तो मेयर्स ने सिर्फ 82 रन बनाए थे, वहीं डी कॉक सिर्फ 4 मैचों में 143 रन बनाए। क्रुणाल पांड्या के इस कदम की खूब आलोचना हो रही है। इसको लेकर उन्होंने अपनी बात भी रखी। उन्होंने कहा कि क्विंटन को बाहर करना हमेशा एक कठिन निर्णय होता है, वह एक विश्व स्तरीय बल्लेबाज है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यहां काइल (मायर्स) का रिकॉर्ड बेहतर था (डिकॉक की तुलना में)। हमें बस लगा कि हम काइल के साथ जा सकते हैं। पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 81 रन की हार की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली।

सुपरजाइंट्स की टीम दो विकेट पर 69 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद कृणाल ने पीयूष चावला की गेंद पर खराब शॉट खेलकर अपना विकेट गंवाया और फिर टीम ने लगातार विकेट गंवाए। कृणाल ने स्वीकार किया कि उन्हें वह शॉट नहीं खेलना चाहिए था। उन्होंने मैच के बाद कहा कि हम वास्तव में अच्छी स्थिति में थे। सब कुछ तब शुरू हुआ जब मैंने वह शॉट खेला था... वह शॉट नहीं खेलना चाहिए था और मैं पूरी तरह से दोष अपने ऊपर लेता हूं। कृणाल ने कहा कि विकेट में कोई समस्या नहीं थी, बस उनकी टीम बेहतर बल्लेबाजी नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि विकेट दोनों पारियों में समान खेला। हमें बस बेहतर बल्लेबाजी करनी थी।

# मैं बुमराह का विकल्प नहीं, सिर्फ अपनी जिम्मेदारी निभा रहा था: मधवाल

चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स की 81 रन की आसान जीत में अहम भूमिका निभाने वाले आकाश मधवाल स्वयं को जसप्रीत बुमराह का विकल्प नहीं मानते और टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करके खुश हैं। उत्तराखंड के इंजीनियर मधवाल ने बुधवार रात 3.3 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे मुंबई इंडियन्स की टीम फाइनल में जगह बनाने के एक और कदम करीब पहुंच गई। मधवाल ने मैच के बाद कहा, ''मैं टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। मैं बुमराह का विकल्प नहीं हूं लेकिन मैं जो कर सकता हूं उसे करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं।''



मौजूदा सत्र में चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच से तेज गेंदबाजों को अधिक मदद नहीं मिली लेकिन मधवाल ने बताया कि क्या चीज उनके पक्ष में रही। मधवाल ने कहा, ''चेपक का विकेट अच्छा था। आपने देखा होगा कि गेंद रुककर नहीं आ रही थी बल्कि तेजी से निकल रही थी। मैं स्विंग गेंदबाज हूं और मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करके विकेट हासिल करने की कोशिश करता हूं।'' मधवाल ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा को पता है कि उनके मजबूत पक्ष क्या हैं और इनका कैसे इस्तेमाल करना है। उन्होंने कहा, ''रोहित को पता है कि यॉर्कर मेरा मजबूत पक्ष है लेकिन नेट सत्र और अभ्यास मुकाबलों के दौरान उन्हें पता चला कि मैं नई गेंद से भी गेंदबाजी कर सकता हूं।'' मधवाल ने कहा, ''इसलिए उन्हें पता था कि स्थिति की जरूरत के अनुसार मेरा इस्तेमाल कैसे करना है।'' इस बीच सुपरजाइंट्स के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने कहा कि उन्होंने बुधवार को स्टेडियम में 'कोहली, कोहली' के नारों का लुत्फ उठाया क्योंकि इससे उन्हें अपनी टीम के लिए अच्छा करने का जज्बा मिला। मौजूदा आईपीएल के लीग चरण के दौरान नवीन और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के स्टार बल्लेबाज कोहली के बीच तीखी बहस हुई थी। मुंबई के खिलाफ एलिमिनेटर में 38 रन पर चार विकेट चटकाने वाले नवीन ने कहा, ''मैंने इसका लुत्फ उठाया। मुझे मैदान पर सभी का उसका (विराट कोहली) या किसी अन्य खिलाड़ी का नाम लेना पसंद है। यह मुझे अपनी टीम के लिए अच्छा करने का जज्बा देता है।'' उन्होंने कहा, ''मैं बाहरी चीजों के बारे में नहीं सोचता। मैं सिर्फ अपने क्रिकेट और अपनी प्रक्रिया पर ध्यान लगाता हूं। दर्शकों के नारे लगाने या किसी और के कुछ कहने का मुझे पर कोई असर नहीं होता।'' नवीन ने कहा, ''पेशेवर खिलाड़ी के रूप में आपको इसके साथ चलना होगा। जब आप अपनी टीम के लिए अच्छा नहीं करोगे तो प्रशंसक आपको निशाना बनाएंगे। जब आप अपनी टीम के लिए अच्छा करोगे तो यही लोग आपकी सराहना करेंगे। यह खेल का हिस्सा है।

# नए कोच फुल्टन के मार्गदर्शन में प्रो लीग में दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत

लंदन। उत्साह से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में घरेलू चरण की फॉर्म को शुक्रवार को यहां ओलंपियन बेल्जियम से मुकाबले के साथ शुरू हो रहे यूरोपीय चरण में भी बरकरार रखने की कोशिश करेगी। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण के दौरान भारत आइंडहोवेन में मेजबान नीदरलैंड और अर्जेन्टीना से भी भिड़ेगा। भारत इस साल की शुरुआत में विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर 2022–23 की प्रो लीग तालिका में शीर्ष पर चल रहा है। टीम इस दौरान विश्व चौंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ अजेय रही। भारत ने राउरकेला चरण में तीन सीधी जीत दर्ज की जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे मैच में भी शूटआउट जीतकर बोनस अंक जुटाया। भारत आठ मैच में पांच सीधी जीत और दो शूट आउट जीतकर 19 अंक के साथ अभी अंक तालिका में शीर्ष पर है।



हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम शुक्रवार को यहां जब बेल्जियम और शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगी तो उसकी नजरें जीत की लय को बरकरार रखने पर होगी। मेजबान ग्रेट ब्रिटेन की टीम भी अच्छी फॉर्म में चल रही है। टीम ने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ 5–2 और 6–1 से जीत दर्ज की और आस्ट्रेलिया को भी 2–1 और 3–3 (शूट आउट में 4–2 से जीत) से हराया। ग्रेट ब्रिटेन के भी आठ मैच में चार सीधी जीत और शूट आउट में तीन जीत से 19 अंक हैं। दूसरी तरफ बेल्जियम की टीम मौजूदा सातवें स्थान से बेहतर स्थिति में पहुंचने की कोशिश करेगी। टीम ने मौजूदा सत्र में सिर्फ चार प्रो लीग मैच खेले हैं और उसने अर्जेन्टीना तथा जर्मनी के खिलाफ एक–एक जीत दर्ज की है। यूरोप में होने वाले प्रो लीग मुकाबले भारत के नए कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में टीम की पहली वास्तविक परीक्षा होगी और देखना होगा कि वह इस बेहद दबाव वाले काम से कैसे निपटते हैं। फुल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के ग्राहम रीड की जगह ली है जिनके मार्गदर्शन में भारत ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। भारत ग्रेट ब्रिटेन से पिछली बार तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में भिड़ा था जिसमें टीम ने 3–1 से जीत दर्ज की थी। रियो ओलंपिक 2016 से भारत ने बेल्जियम के खिलाफ 19 मैच खेले हैं जिसमें से टीम ने आठ में जीत दर्ज की है जबकि नौ में उसे हार का सामना करना पड़ा है। दो मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। भारत ने बेल्जियम से पिछला मुकाबला पिछले साल एंटवर्प में खेला था जब प्रो लीग के पिछले सत्र में भारतीय टीम ने पहला मैच 2–3 से गंवाने के बाद दूसरा मैच शूट आउट में जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि वे बेल्जियम से भिड़ने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, ''एक टीम के रूप में भारत ने बेल्जियम के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू की है, विशेषकर पिछले पांच से छह साल में। हम इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाते हैं और टीम हमेशा उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर उत्साहित रहती है।

# सऊदी अरब और कनाडा संबंध फिर से होंगे बहाल, दोनों देशों ने खत्म किया 2018 का मानवाधिकार विवाद

सऊदी अरब और कनाडा के बीच राजनयिक संबंध बहाल हो



गए हैं। दोनों देशों के बीच एपेक समिट के दौरान सहमति बनी है। सऊदी अरब और कनाडा के बीच 5 साल पहले दरार पैदा हो गयी थी। कनाडा और सऊदी अरब ने पूर्ण राजनयिक संबंधों को बहाल करने और नए राजदूतों को नियुक्त करने पर सहमति व्यक्त कर ली है। दोनों देशों ने बुधवार को कहा कि 2018 के विवाद को समाप्त कर दिया गया है, जिसने संबंधों और व्यापार को नुकसान पहुंचाया। कनाडा और सऊदी अरब के बयानों के अनुसार, पिछले साल नवंबर में बैंकॉक में एशिया–पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन (एपेक) फोरम के शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच हुई चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। बयानों में कहा गया है कि यह निर्णय दोनों पक्षों की आपसी सम्मान और सामान्य हितों के आधार पर दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को बहाल करने की इच्छा से उपजा है। बाद में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या सेकी कनाडा और सभी पश्चिमी देशों ने निंदा की थी। इसकी शुरुआत तब हुई जब रियाद में कनाडा के दूतावास ने अरबी में एक ट्वीट प्रकाशित किया जिसमें सऊदी अरब द्वारा आयोजित महिला अधिकार कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई का आग्रह किया गया। इसने रियाद को अपने राजदूत को वापस बुलाने और दूत को लौटने से रोकने और नए व्यापार पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रेरित किया।

# पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल पर बन गई सहमति! IPL Final के दिन हो सकता है बड़ा ऐलान

पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों



में कहा गया है कि एशिया कप 2023 को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल को लागू किया जा सकता है। दावा किया जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि आईपीएल फाइनल के दौरान इस पर एक घोषणा हो सकती है। वहीं, एक रिपोर्ट के मताबिक बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि एशिया कप के आयोजन स्थल का फैसला आईपीएल फाइनल से इतर होने वाली बैठक में किया जाएगा जिसमें एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के शीर्ष पदाधिकारी भाग लेंगे। जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। जय शाह ने कहा कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के संबंधित अध्यक्ष 28 मई को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले टाटा आईपीएल 2023 के फाइनल की शोभा बढ़ाएंगे। हम एशिया कप 2023 के संबंध में भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने के लिए उनके साथ चर्चा करेंगे। हालांकि, रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि पिछले एक सप्ताह में, एसीसी सदस्यों के बीच कुछ पर्दे के पीछे चर्चा हुई है और ऐसा आभास हुआ है कि पाकिस्तान द्वारा प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल पर आम सहमति बन गई है। विवाद का एकमात्र बिंदु यह है कि भारत के मुकाबले कहां खेले जाएंगे। कौन सा देश होगा – संयुक्त अरब अमीरात या श्रीलंका।

खबर के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मैच श्रीलंका में खेला जा सकता है हालांकि पीसीबी यह मैच दुबई में करवाना चाहता है। इस साल एशिया कप का मेजबान पाकिस्तान है लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम केंद्र सरकार की अनुमति के बिना पड़ोसी देश की यात्रा नहीं कर सकती और ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से अध्यक्ष नजम सेठी ने एक 'हाइब्रिड मॉडल' का प्रस्ताव रखा जिससे कि चार मैच का आयोजन उनके देश में हो सकता है। सेठी के इस फार्मूले के अनुसार श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और अफगानिस्तान के लीग चरण के चार मैच पाकिस्तान में होंगे जबकि भारत अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा। एशिया कप का आयोजन इस साल एक से 17 सितंबर तक होना है।

# बीते वित्त वर्ष में मुनाफा, ऋण वृद्धि में सार्वजनिक बैंकों में बैंक अश्फ महाराष्ट्र सबसे आगे

नयी दिल्ली। बीते वित्त वर्ष (2022–23) मेंसार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ऋण और जमा वृद्धि के मामले में (प्रतिशत में) बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। पुणे–मुख्यालय वाले बैंक ने मुनाफे में भी रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। साल के दौरान बैंक का मुनाफा लगभग 126 प्रतिशत बढ़कर 2,602 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022–23 में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों (पीएसबी) का शुद्ध लाभ 57 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 1,04,649 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बीते वित्त वर्ष में प्रतिशत में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कुल ऋण या अग्रिम 29.4 प्रतिशत बढ़कर 1,75,120 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके बाद इंडियन ओवरसीज बैंक और यूको बैंक के ऋण में क्रमशरू 21.2 प्रतिशत और 20.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।हालांकि, मूल्य के लिहाज से देखा जाए, तो देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का कुल ऋण बीओएम की तुलना में लगभग 16 गुना अधिक 27,76,802 करोड़ रुपये है। जमा के मामले में बीते वित्त वर्ष में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की जमा 15.7 प्रतिशत बढ़कर 2,34,083 करोड़ रुपये रही। आंकड़ों के अनुसार, जमा वृद्धि के मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा 13 प्रतिशत की वृद्धि (10,47,375 करोड़ रुपये) के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की जमा 11.26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12,51,708 करोड़ रुपये रही। बीओएम कम लागत के चालू खाता और बचत खाता (कासा) जमा हासिल करने में भी 53.38 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रहा। उसके बाद 50.18 प्रतिशत के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का स्थान है। बीओएम का कुल कारोबार 2022–23 में 21.2 प्रतिशत बढ़कर 4,09,202 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बैंक ऑफ बड़ौदा दूसरे स्थान पर रहा। उसका कारोबार 14.3 प्रतिशत बढ़कर 18,42,935 करोड़ रुपये रहा।

# 1 जून को डिफॉल्टर बन सकता है सुपरपावर मुल्क, Gautam Adani की नेटवर्थ से भी कम कैश बचा

इन दिनों दुनियाभर में यूएस के फाइनेंसियल क्राइसिस के बारे में बात हो रही है। क्या अमेरिका किसी बड़े संकट में फंस गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और रिपब्लिकन हाउस के स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने देश की ऋण सीमा को बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए हाल ही में एक बैठक की है। ये बैठक इस बात को लेकर की गई है कि अमेरिकी संघीय सरकार अपने खातों का भुगतान करने के लिए कितना उधार ले सकती है। हालांकि दोनों की बातचीत के बाद अभी तक कोई समझौता नहीं बन पाया है। ऋण सीमा बढ़ाने की संभावित समय सीमा से ठीक 10 दिन पहले ये डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति और रिपब्लिकन स्पीकर के लिए यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। गौतम अडानी के नेटवर्थ से भी कम कैश बचा : अमेरिका में डेब्थ सीलिंग का संकट लगातार गहराता जा रहा है। अगर जल्दी समाधान नहीं निकला तो देश अपने इतिहास में पहली बार डिफॉल्टर बन सकता है। देश के पास केवल 57 अरब डॉलर का कैश रह गया है जो गौतम अडानी की नेटवर्थ से भी कम है। ब्लूमबर्ग की बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार अडानी की नेटवर्थ 64.2 अरब डॉलर है। अमेरिका को रोजाना 1.3 अरब डॉलर इंटरेस्ट के रूप में देने पड़ रहे हैं। क्या होगा इसका असरः अगर अमेरिकी सरकार ने जल्द ही इस समस्या का हल नहीं किया तो भारत समेत दुनियाभर में इसका असर पड़ना तय है। गोल्डमैन सैश ने अनुमान जताया है कि अमेरिका अगर अपने कर्ज संकट को खत्म नहीं करता है, तो आने वाले तीन हफ्तों में कैश खत्म हो जाएगा. इंवेस्टमेंट बैंक का कहना है कि 8 या 9 जून तक ट्रेजरी डिपार्टमेंट के पास कैश गिरकर 30 बिलियन डॉलर रह जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए ये कैश बहुत कम है।

# अमेरिका ने बांग्लादेश में लोकतांत्रित तरीके से चुनाव के लिए बनाई नयी वीजा नीति

ढाका। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बांग्लादेश के लिए एक नयी वीजा नीति की घोषणा की है, जिसमें उन लोगों को यात्रा की मंजूरी नहीं दी जाएगी, जिन पर जनवरी 2024 में दक्षिण एशियाई देश में होने वाले चुनाव में व्यवधान पैदा करने की आशंका है। ब्लिंकन ने बुधवार के एक बयान में कहा, '' स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांति पूर्ण आम चुनाव करने के बांग्लादेश के लक्ष्य को समर्थन देने के वास्ते आज मैं आव्रजन तथा राष्ट्रीयता अधिनियम की धारा 212(ए)(3)(सी)(3सी) के तहत नयी वीजा नीति की घोषणा कर रहा हूं।'' उन्होंने कहा, '' इस नीति के तहत अमेरिका ऐसे किसी भी बांग्लादेशी नागरिक को वीजा देने में पांबंदी लगा सकता है, जिसके बारे में उसे लगता है कि वह बांग्लादेश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने में बाधा डाल सकता है।'' ब्लिंकन ने कहा कि वर्तमान और पूर्व बांग्लादेशी अधिकारी, सरकार समर्थक और विपक्षी राजनीतिक दलों के सदस्य, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, न्यायपालिका और सुरक्षा सेवाओं के सदस्य नई नीति के दायरे में आ सकते हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, अमेरिका ने तीन मई को बांग्लादेशी सरकार को इस निर्णय से अवगत करा दिया था। इस बीच बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चुनावों के लिए एक गैर–दलीय कार्यवाहक सरकार को बहाल करने के उद्देश्य से एकअभियान चला रहा है। बीएनपी का कहना है कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन में कोई भी चुनाव स्वतंत्र नहीं हो सकता। बीएनपी ने यह भी संकल्प जताया है कि वह वर्तमान अवामी लीग नीत सरकार के तहत किसी चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी।



# मुकदमा लिखवाने वाले के घर जांच करने पहुंचे तहसीलदार, लोगों ने किया हंगामा

## बैंक के शाखा प्रबंधक और तहसीलदार के निजी चालक के खिलाफ कोतवाली में जालसाजी का दर्ज है मुकदमा

सलेमपुर। फर्जी खतौनी के आधार पर अपने निजी चालक के परिवारजन को बैंक से ऋण दिलाने के मामले में अभियुक्त तहसीलदार के निजी चालक मुकदमा लिखाने वाले के घर जांच करने पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि तहसीलदार के सह पर उनका चालाक अभियुक्त हैं और उसे लेकर तहसीलदार जांच करने गांव चले गए थे। इसे लेकर हंगामा मच गया। उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद तहसीलदार बैरंग लौटे। तहसील क्षेत्र के भीमपुर गांव का एक युवक तहसीलदार के गाड़ी का प्राइवेट चालक है। आरोप है कि उसके कहने पर तहसीलदार के सहयोग से फर्जी इंतखाप के आधार पर बड़ौदा यूपी बैंक ने चालक के बाबा को ऋण दे दिया। जिस आराजी नंबर पर बैंक ने ऋण जारी किया है। वह भूमि भीमपुर गांव के सुभाष यादव के नाम पर दर्ज है। इसे लेकर सुभाष यादव ने न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार के निजी चालक, बैंक प्रबंधक व कुछ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा कोतवाली में दर्ज कराया है। आरोप है कि निजी चालक पर मुकदमा दर्ज होने के बाद खार खाए तहसीलदार ने . अभियुक्त चालक तथा राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल की टीम लेकर पीड़ित सुभाष के घर पहुंच गए और उन्हें भू–माफिया कहते हुए जमीन हड़पने की बात कहकर हड़काने लगे। यह बात वहां मौजूद गांव के लोगों को नागवारा लगा। आरोप है कि जिस भूमि के बारे में उन्होंने पूछा वह जमीन जिसकी है उसका कोई विरोधा नहीं है। सुभाष यादव ने बताया की यह जमीन बदले पर है। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। एक पक्ष ने कहा कि आप अभियुक्त हैं तो यहां आना ही नहीं चाहिए। इसे लेकर काफी देर तक हंगामा हुआ। इसके बाद इसकी जानकारी जब एसडीएम को हुई तो उन्होंने तहसीलदार को फोन कर बुला लिया। इस संबंध में तहसीलदार मिश्रीलाल ने बताया कि किसी ने शिकायत की थी। उसी की जांच करने गए थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

रुद्रपुर। नगर के पूर्वी बाईपास पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर–ट्राली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बाइक सवार दूसरा युवक घायल हो गया। मृतक अपने दोस्त को देवरिया से लेकर घर लौट रहा था कि हादसे में जान चली गई। घटना .रात दस बजे हुई। बाइक सवार युवकों ने हेलमेट नहीं लगाया था। नगर के पूर्वी तिवारी टोला निवासी आलमगीर 24 वर्ष पुणे में रहकर मजदूरी करता था। वहां उसकी दोस्ती बंगाल प्रांत के दीनापुर के रहने वाले नजीमुद्दीन से हो गई। वह वर्तमान में घर आया था। उसका दोस्त देवरिया आया था, जिसे ले आने के लिए वह बाइक से गया था। रात में दोनों बाइक से घर आ रहे थे कि पूर्वी बाईपास के निकट वाहन की चपेट में आ गए। सिर में गंभीर चोट लगने से आलमगीर की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराने के बाद जब शव घर पहुंचा, तो परिजनों की चीख पुकार माहौल गमगीन हो गया। मां मुन्नी देवी का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक की अभी शादी नहीं हुई थी। पिता कपड़ा सिलाई का काम कर परिवार का भरण–पोषण करते हैं।

# कैंसर से जंग हारकर रिटायर्ड होमगार्ड ने कर ली आत्महत्या

रुद्रपुर। कैंसर से जंग लड़ रहे एक बुजुर्ग ने हार मान कर आत्म हत्या कर ली। वह दो साल से कैंसर से पीड़ित बताए जा रहे थे। दो दिन से मुंह कैंसर के दर्द से परेशान होकर दोपहर उन्होंने आत्महत्या कर ली। वह पांच साल पहले कोतवाली से होमगार्ड से रिटायर्ड हुए थे। अहलादपुर मरकड़ी गांव के रहने वाले रमायन सिंह (65) कोतवाली में होमगार्ड थे। पांच साल पहले उन्होंने अवकाश प्राप्त किया था। उन्हें कोई संतान नहीं है। घर पर रमायन सिंह और उनकी पत्नी विद्यावती रहती थीं। एक सप्ताह पहले पत्नी गिर कर घायल हो गईं। मोहल्ले वालों के अनुसार रमायन सिंह कैंसर के दर्द से परेशान थे। . सुबह वह दर्द से कराह कर रो रहे थे। मोहल्ले के लोग उनकी पत्नी विद्यावती के हाथ का इलाज कराने अस्पताल ले गए थे। दोपहर बाद जब लोग वापस लौटे तो बंद कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। कुंडे से शव लटकता देख लोग अवाक हो गए। पत्नी विद्यवती उम्र के अंतिम पड़ाव में पति की मौत के सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाईं। वह पति के शव से लिपट कर रोने लगीं। कैंसर पीड़ित के इस आत्मघाती कदम को सुनकर लोग सन्न रह गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने जिला अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार वाजपेयी ने कहा कि कैंसर से पीड़ित होने के कारण सुसाइड करना लोग बता रहे हैं।

# छत से गिरी महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

भाटपार रानी। थाना क्षेत्र के ग्राम बिशुनपुरा में एक दिन पूर्व विनोद यादव की पत्नी संगीता देवी छत से गिरकर घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें तत्काल भाटपार रानी अस्पताल लाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया। उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में चीख–पुकार मच गई। परिजनों ने गांव लाकर उनका दाह संस्कार कर दिया।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव

महाराजगंज। थाना क्षेत्र के गांव कजरी में शाम को एक महिला का शव घर के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, नौतनवां थाना क्षेत्र के कजरी निवासी धर्मेंद्र की पत्नी वंदना (26) का शव कमरे में छत की कुंडे से दुपट्टे के फंदे से लटका हुआ था। किसी ने देखा तो शोर मचाया। उसके बाद आसपास के लोग जुट गए। मृतका के पति गुजरात में रहकर काम करते हैं। घर पर चार वर्षीय बेटा आर्यन और जेठ और जेठानी रहते हैं । जेठ–जेठानी दवा कराने गए थे। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

# रोडवेज बस की चपेट से बाइक सवार युवक की मौत

परसा मलिक। नौतनवां कस्बे में रोडवेज बस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। आधार कार्ड से युवक की पहचान की गई। जानकारी के अनुसार, निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिधावे निवासी 21 वर्षीय अविनाश कसौधन सिद्धार्थनगर जिले के लोटन में माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करता था। सुबह बाइक से सिद्धार्थनगर ड्यूटी पर जा रहा था। नौतनवां कस्बे में गोरखपुर से सोनौली की तरफ जा रही रोडवेज बस की चपेट में आ गया। लोगों ने उसे सीएचसी रतनपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि अविनाश तीन बहनों में इकलौता भाई था। माता–पिता इकलौते पुत्र के शव को देखकर बार–बार बेहोश हो जा रहे थे। नौतनवां के थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसए कार्यालय में दो बाबुओं के बीच मारपीट

महराजगंज। बीएसए कार्यालय परिसर में .दो बाबुओं के बीच मारपीट हो गई। दोनों ने एक–दूसरे पर अभद्रता का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। कार्यालय के अन्य कर्मियों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्ष को शांत कराया। बाद में कार्यालय पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दोनों बाबुओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीएसए कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक कुलदीप चौधरी ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि वह दोपहर में कार्यालय में बैठ कर चाय पी रहे थे। उसी समय कार्यालय में तैनात एक वरिष्ठ सहायक उन पर टिप्पणी करने लगे। इसी बीचअभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और कालर पकड़ कर पिटाई करने लगे।अन्य कर्मियों के बीचबचाव किया। बीएसए आशीष कुमार सिंह ने बताया कि विवाद के समय वह कार्यालय नहीं थे। मामला संज्ञान में आने के बाद दोनों बाबुओं को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सदर कोतवा ध्यान सिंह चौहान ने बताया कि एक पक्ष से तहरीर मिली है। दूसरे पक्ष ने कोई सूचना नहीं दी है। मामले की जांच की जा रही है। बीएसए का पत्र मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी

# उच्चतम न्यायालय से स्थगन आदेश पर असमंजस में पड़ा तहसील प्रशासन

## बंजर की जमीन पर कब्जा कर आठ परिवार को बेदखल कर 1.96 लाख की वसूली का है आदेश

सलेमपुर। तहसील के ठोका बंशी में बंजर की भूमि पर आठ परिवारों ने करीब दो दशक से कब्जा कर पक्का मकान निर्माण किया है। तहसीलदार न्यायालय ने अतिक्रमण करने वालों से 1.96 लाख का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही अतिक्रमण हटाने का भी निर्देश दिए हैं। प्रशासन अभी अतिक्रमण हटाने की तैयारी कर रहा था, कि इसमें एक व्यक्ति ने उच्चतम न्यायालय से उनके आदेश पर स्थगन ले लिया है। इसे लेकर प्रशासन की सारी तैयारियां विफल हो गई हैं।

ठोका बंशी गांव में 131 नंबर बंजर भूमि के नाम से खतौनी में दर्ज है। इसपर गांव के विद्यावती पत्नी रामनरेश, अरविंद पुत्र इकबाल, राम प्रवेश, योगेंद्र, रामनगीना, महेंद्र पुत्र शिवशंकर, हरेन्द्र पुत्र रामएकबाल व राम बचन पुत्र बालेश्वर ने अवैध कब्जा कर पक्का मकान बना लिया है। गांव के पूर्व प्रधान संजय सिंह मुन्ना ने तहसीलदार न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया था। जिस पर तहसीलदार ने महेंद्र रामप्रवेश, योगेंद्र व रामनगीना पर 15,600– 15,600, विद्यावती पर 80640, अरविंद पर 27300, हरेन्द्र पर 11,700 तथा रामबचन पर 13,600 का जुर्माना लगाया है। साथ ही अतिक्रमण हटाने का भी आदेश दिया है। इस आदेश के विरुद्ध विपक्षी पार्टी ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की। इस पर न्यायालय ने सुनवाई के बाद ही अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया है। तहसीलदार मिश्रीलाल सिंह चौहान ने बताया कि न्यायालय के आदेश का अध्ययन करने के बाद ही कोई अगली कार्रवाई की जाएगी।

# कोटेदारों ने डिप्टी आरएमओ का घेराव कर दिया धरना

## ज्वाइंट कमिश्नर खाद्य गोरखपुर के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना, डीएसओ को सौंपा ज्ञापन

देवरिया। कमीशन न देने और प्रमाणपत्र के नाम पर शोषण को लेकर फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के बैनर तले कोटेदारों ने डिप्टी आरएमओ का घेराव किया और धरना दिया। साथ ही नारेबाजी भी की। ज्वाइंट कमिश्नर खाद्य गोरखपुर के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। मौके पर पहुंचे जिलापूर्ति अधिकारी जिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह व जिलाध्यक्ष विश्वजीत मणि के नेतृत्व में कोटेदार शहर के कसया रोड पर रघवापुर स्थित डिप्टी आरएमओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कक्ष में बैठे अधिकारी भीमाचंद गौतम का घेराव किया और धरने पर बैठ गए। वहीं कार्यालय परिसर में नारेबाजी की। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि शासन के निर्देश के बाद भी राशन विक्रेताओं का छह माह से कमीशन नहीं मिल रहा है, जिससे आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है। शीघ्र भुगतान किया जाए। नवंबर 2022 में सरकार ने निशुल्क वितरण का निर्णय लिया था। कार्ड धारकों को निशुल्क वितरित किया या, लेकिन कोटेदारों से पैसा जमा कराया गया, उसे वापस नहीं किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बायोमीट्रिक मशीन से पूरी मात्रा में खाद्यान्न दिया जा रहा है, लेकिन प्रमाणपत्र के नाम पर विक्रेताओं का आर्थिक शोषण किया जा रहा है, जिसे बंद कराया जाए। कहा कि एमडीएम खाद्यान्न के भाड़े का भुगतान किया जाए। राशन विक्रेता की आय करीब आठ हजार रुपये प्रतिमाह है। ऐसे में आयुष्मान कार्ड दिया जाए। बायोमीट्रिक मशीन जर्जर हो गई है, वह ठीक से काम नहीं कर रही है, उसे तत्काल बदलवाया जाए। इसी बीच कोटेदारों ने ज्वाइंट कमिश्नर खाद्य गोरखपुर मनोज कुमार से मोबाइल से बात की। इसके बाद जिलापूर्ति अधिकारी संजय पांडेय मौके पर पहुंचे, उन्हें लोगों ने मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अखिलेश मिश्रा, श्रीभागवत मिश्र, रविंद्र यादव, शिवमूर्ति सिंह, सुदर्शन कुमार, उदय प्रताप यादव, गौतम प्रसाद, कृष्णा पांडेय, सुबाष त्यागी और सुनील कुमार यादव आदि मौजूद थे।

# लुटेरों को पकड़ने के लिए यूपी पुलिस बिहार पहुंची

## आरोपियों का नाम-पता बताने वाले को मिलेगा दस हजार रुपये का इनाम

महराजगंज/सिसवा बाजार। कस्बे के गोपालनगर तिराहे पर सोमवार को खोइया व्यवसायी से पांच लाख तीस हजार रुपये की लूट के मामले में तीन दिनों बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। घटना के पर्दाफाश के लिए क्राइम ब्रांच, स्वॉट व सर्विलांस की टीमें सक्रिय हैं। बताया जा रहा है कि लुटेरों की तलाश में यूपी पुलिस बिहार में कई स्थानों पर दबिश भी दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों का नाम–पता बताने वाले को दस हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। साथ ही उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस के अनुसार, लूट की घटना के पर्दाफाश के लिए चार टीमों के अलावा क्राइम ब्रांच, सर्विलांस, स्वॉट, थाने व जिले स्तर से 12 टीमें बनाई गई हैं, जो यूपी–बिहार के लगभग बीस जनपदों में लुटेरों की तलाश कर रही है। पड़ोसी देश नेपाल में भी लुटेरों की तलाश की जा रही ळै। क्राइम ब्रांच की टीम सिसवा नगर पालिका के चौराहों, दुकानों व एक विवाह घरों में लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगाली है। अधिकारियों का कहना है कि वारदात से जुड़े और बैंक में मौजूद रहने के फुटेज मिल गए हैं। इसमें दोनों आरोपियों के चेहरे भी दिख रहे हैं। नगर में बदमाशों ने कब और किस रास्ते से प्रवेश किया है, उसका पता लगाया जा रहा है। कोठीभार के थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि लूट के मामले में अपराधियों के सुराग के लिए यूपी–बिहार में जांच टीमें अपना काम कर रही हैं। अपराधियों के फोटो की पहचान भी कराई जा रही है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

महाराजगंज। मुजुरी–पनियरा मार्ग स्थित बेलहिया के पास देर रात ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से गोरखपुर जिले के कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के मोहनाग निवासी बाइक सवार रामरूप यादव (22) की मौत हो गई है। बाइक पर बैठे विकास पासवान (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, रामरूप यादव बाइक से अपने दोस्त के शादी समारोह में शामिल होने पनियरा गए थे। रात करीब 12 बजे बरात में शामिल होकर दोस्त विकास पासवान के साथ घर आ रहे थे। डिंगुरी गांव के बेलहिया के पास टैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ जाने से रामरुप की मौत हो गई। विकास पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि टैक्टर ट्रॉली मालिक पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## मुंडन के कार्यक्रम में खलल डालने का आरोप

महाराजगंज । सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली गांव के कोटिया टोला निवासी अभिमन्यु शर्मा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के दो युवकों पर मुंडन कार्यक्रम में खलल डालने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर अभिमन्यु ने बताया कि घर पर भतीजे का मुंडन का कार्यक्रम था। शाम को आर्केस्ट्रा का प्रोग्राम था। गांव के दो युवक आकर बीच–बीच में खलल डालने लगे। मना करने पर बड़े भाई की पिटाई कर घड़ी और सोने की चेन छीन ली। खनुआ चौकी प्रभारी गंगा राम यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। दोनों पक्षों को बुलाया गया है।

# शौचालय की टंकी खोदते समय दम घुटने से मौत

महाराजगंज ।क्षेत्र के लक्ष्मीपुर शिवाला गांव में शौचालय की टंकी की खुदाई करते समय मिट्टी का टीला गिरने से एक व्यक्ति की दम घुटने से मौत हो गई। लक्ष्मीपुर शिवाला में रात करीब नौ बजे 50 वर्षीय रामनिवास अपनी जमीन पर शौचालय निर्माण के लिए टंकी की खुदाई कर रहे थे। तभी मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा रामनिवास के ऊपर आ गिरा। जब तक ग्रामीण मिट्टी हटाकर रामनिवास को बाहर निकालते, तब तक उनकी दम घुटने से मौत हो चुकी थी। रामनिवास की पत्नी सुशीला का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष भिटौली सुनील कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सदर एसडीएम मोहम्मद जसीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

# बहादुरा गांव में निर्माणाधीन गौशाला का एडीओ ने किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मोतीगंज,गोंडा। नवाबगंज क्षेत्र के बहादुरा गांव में बन रहे गौशाला के



कार्य का एडीओ पंचायत ने किया निरीक्षण गौशाला में बनेगी देशी खाद जल्द गौशाला का मिलेगा लोगों को लाभ निर्माण काम अंतिम चरण में काम में और दिखाये तेजी एडीओ पंचायत रविप्रकाश मिश्रा ने दी जानकारी। क्षेत्र के बहादुरा गांव में गौशाला निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है कार्य का निरीक्षण एडीओ पंचायत रविप्रकाश मिश्रा ने अपनी टीम के साथ किया इस दौरान सचिव पप्पू सिंह यादव व इंजीनियर से बात कर काम के पुरा होने और प्रगति रिपोर्ट लेकर काम में तेजी से कर पुरी तरीके से गौशाला शुरुआत करने का निर्देश दिया इस दौरान गौशाला में ही देशी खाद के बनाये जाने को लेकर स्थलीय निरीक्षण कर जमीन के चिंहांकन का काम कर शुरुआत कर दिया गया है गौशाला के बगल गाये से बने गौमूत्र व गोबर से बर्मी कंपोस्ट तैयार करने की शुरुआत कर दिया गया है इसके लिए एडीओ पंचायत रविप्रकाश मिश्रा ने जमीन का नाप जोख कराकर बेहतर करने तथा समय पर काम पुरा होने का दावा किया है उन्होंने बताया कि निर्माण काम अंतिम चरण में है इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि विजय सिंह आनंद तिवारी मस्तराम यादव सहित गांव के लोग भी मौजूद रहे सभी एडीओ पंचायत रविप्रकाश मिश्रा के निर्देश व प्रधान के काम का तारीफ करते नजर आये।

# राजस्व सम्बन्धी मासिक समीक्षा बैठक 7 जून को

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जनपद के राजस्व विभागध्अभियोजनध्खाद्य एवं सुरक्षा, कर एवं करेत्तर तथा राजस्व सम्बन्धी मासिक समीक्षा बैठक 07 जून, 2023 को सायं 05.00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। बैठक में राजस्व विभागध्अभियोजनध्खाद्य एवं सुरक्षा, कर एवं करेत्तर से जुड़े सम्बन्धित अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बन्धित सूचना के साथ बैठक में ससमय भाग लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

## न्यायालय परिसर में स्थित दुकानों के स्थान की नीलामी की प्रक्रिया 31 मई को

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। खलीकुज्जमा प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष नीलामी समिति, जनपद न्यायालय ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष–2023–24 (अवधि 01 जुलाई, 2023 से 31 मार्च 2024 तक) की अवशेष अवधि के लिए जनपद न्यायालय परिसर में स्थित दुकानों के स्थानध्कैंटीन की नीलामी की प्रक्रिया 31 मई, 2023 को किया जाना है। उन्होंने बताया कि कैन्टीन व फोटो स्टेट की दुकान का स्थान मुन्सफी खण्ड में निर्धारित किया गया है। उक्त नीलामी से संबंधित किसी अन्य जानकारी नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

# नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह 27 मई को

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायतों के नव–निर्वाचित अध्यक्षध्सभासद का शपथ ग्रहण अथवा प्रतिज्ञान की कार्यवाही 27 मई, 2023 को सम्पन्न करायी जायेगी, शासन द्वारा निर्गत प्राविधानित किया गया है कि उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–43 वर्णित व्यवस्था के अनुसार नगर पालिका परिषदोंध्नगर पंचायतों में जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारीगण के द्वारा नव–निर्वाचित अध्यक्ष का शपथध्प्रतिज्ञान कराया जायेगा, उन्होंने बताया है कि नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं समस्त नगर पंचायतों में नव–निर्वाचित अध्यक्ष का शपथ ग्रहणध्प्रतिज्ञान कराये जाने के लिए 27 मई, 2023 की तिथि निर्धारित की गयी है, उक्त तिथि पर शपथ ग्रहण हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों की ड्यूटी नगर निकायवार निर्धारित की गयी है, 27 मई, 2023 को नगर पालिका परिषद सोनभद्र का शपथ ग्रहण अपरान्ह 02.00 बजे से आर0टी0एस0 क्लब मैदान में उप जिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न कराया जायेगा, इसी प्रकार से नगर पंचायत चुर्क–घुरमा का शपथ ग्रहण पूर्वान्ह 11.00 बजे से रामलीला ग्राउण्ड चुर्क में उप जिलाधिकारी सदर द्वारा, नगर पंचायत घोरावल का शपथ ग्रहण अपरान्ह 02.00 बजे से कान्हा गार्डेन घोरावल में उप जिलाधिकारी घोरावल रमेश कुमार द्वारा, नगर पंचायत चोपन का शपथ ग्रहण पूर्वान्ह 10.00 बजे से सब्जी मण्डी रामलीला मैदान चोपन में उप जिलाधिकारी ओबरा प्रभाकर सिंह द्वारा, नगर पंचायत ओबरा का शपथ ग्रहण अपरान्ह 02.00 बजे से क्लब नम्बर–1 ओबरा में उप जिलाधिकारी ओबरा द्वारा, नगर पंचायत डाला बाजार का शपथ ग्रहण पूर्वान्ह 12.00 बजे से नगर पंचायत कार्यालय डाला में उप जिलाधिकारी ओबरा द्वारा, नगर पंचायत दुद्धी का शपथ ग्रहण अपरान्ह 02.00 बजे से रामलीला मैदान दुद्धी में उप जिलाधिकारी दुद्धी श्याम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में, नगर पंचायत रेनुकूट का शपथ ग्रहण पूर्वान्ह 11.00 बजे से गॉधी मैदान रेनुकूट में उप जिलाधिकारी दुद्धी की अध्यक्षता में, नगर पंचायत पिपरी का शपथ ग्रहण अपरान्ह 02.00 बजे से अम्बेडकर पार्क पिपरी में उप जिलाधिकारीध्ए0आर0ओ0 ओबरा की अध्यक्षता में तथा नगर पंचायत अनपरा का शपथ ग्रहण पूर्वान्ह 11.00 बजे से प्रेक्षागृह अनपरा तापीय परियोजना में उप जिलाधिकारीध्ए0आर0ओ0,ओबरा की अध्यक्षता में सम्पन्न कराया जायेगा।

# पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा नें सोनभद्र में शिक्षा, स्वास्थ, ट्रेन आदि मूलभूत सुविधाएं देने की मांग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा की एक बैठक वार्ड नंबर 20, अशोकनगर, बड़ौली, रावटसगंज सोनभद्र में दिन के 10 बजे वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुईं जिसमे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।



इस अवसर पर मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एड पवन कुमार सिंह ने कहा है कि सोनभद्र आदिवासी, पहाड़ों एवं वनों से आच्छादित अधिकांश भाग वाला जनपद है। यहां आदिवासी, गरीब निवास करते हैं। इनका मुंबई, चेन्नई, कोलकाता एवं दिल्ली जाने के लिए सोनभद्र से कोई साधन नहीं है। इसलिए दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद एवम् कोलकाता के लिए शीघ्र ट्रेन चलाये जाने की मांग की। मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल प्रताप पटेल एडवोकेट ने कहा कि सोनभद्र उत्तर प्रदेश में क्षेत्रफल के हिसाब से बड़ा जिला है। यह भारत का एकमात्र जिला है जो चार राज्यों की सीमा को स्पर्श करता है। किंतु स्वास्थ्य एवं शिक्षा का बहुत ही अभाव है इसके लिए सोनभद्र जनपद में एम्स जैसा उच्च स्वास्थ्य संस्थान एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना किया जाय। मोर्चा के कोषाध्यक्ष काकू सिंह ने कहा कि सोनभद्र में जल पर अब संकट मंडरा रहा है. यहां पर हर साल दो से तीन मीटर जल स्तर कम हो रहा है. सोनभद्र में लगभग 25 सालों से पानी की समस्या और जल प्रदूषण का गंभीर मसला बना हुआ है प्रदूषित पानी की वजह से यहां के 10 विकास खण्डों में लगभग 26 गांव पिछले 20 साल से फ्लोरेसिस जनित दिव्यांगता विकलांगता से पीड़ित है इस अवसर पर रामगोपाल दुबे,संदीप जायसवाल, वीरेंद्र कुमार सिंह,अशोक कुमार कनौजिया, ईश्वर जायसवाल, संतोष चतुर्वेदी, पवन कुमार द्विवेदी, नवीन कुमार पांडेय, दीप नारायण पटेल, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# महासम्पर्क अभियान की तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण




होने पर आगामी कार्यक्रम 01 जून से 30 जून तक चलाये जाने वाले महासंपर्क अभियान की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक मे आगामी 01 जून से 30 जून तक चलाये जाने वाले महासंपर्क अभियान के तहत 14 कार्यक्रमो के प्रमुख व उनके सहयोगी बनाये गये जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि भाजपा मजबूत होगी तो राष्ट्र मजबूत होगा अन्य पार्टियां अपने निजि स्वार्थ सिद्धी के लिए राष्ट्र को कमजोर करने का काम करती है, मोदी के नेतृत्व में आज भारत पूरे विश्व मे एक सशक्त राष्ट्र के रुप मे उभरा है। जिसका लोहा आज पूरा विश्व मान रहा है। हर भारतवासियो को आज गर्व है कि सफल विदेश नीति के कारण आज पूरे विश्व मे भारत का दबदबा कायम है। प्रधानमंत्री की लोकप्रियता विश्वव्यापी है। आगे जनपद मे चलने वाले महासंपर्क अभियान की तैयारी की चर्चा की व कामो का बंटवारा करते हुए कार्यकर्ताओं से आवाह्न किया कि कार्यक्रम को सफल बनाये। बैठक मे मुख्यरुप से सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्या, नगर पालिका चेयरमैन रुबी प्रसाद, राबर्ट्सगंज ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे, रमेश पटेल, महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, अमरनाथ पटेल, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, कैलास बैसवार, शंम्भूनारायण सिंह, कन्हैया जायसवाल, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष राकेश मेहता, सुरेश शुक्ला, दिलिप चौबे, संजय जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# योगी राज में दमन के खिलाफ भाकपा (माले) ने परिवर्तन चौक पर विरोध प्रदर्शन किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लखनऊ। योगी राज में बढ़ते दमन के खिलाफ भाकपा (माले) के राज्य व्यापी विरोध के आवाह्न पर आज पार्टी की लखनऊ इकाई ने परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय की ओर विरोध मार्च किया। और राज्य पाल सुश्री अनन्दीबाई पटेल तथा पुलिस आयुक्त लखनऊ को सम्बोधित दो मांग पत्र थाना प्रभारी कैसरबाग को सौंपे।




पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज अपराह्न 1.00 बजे माले के जिला प्रभारी का0 रमेश सिंह सेंगर के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सभा के बाद सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए मार्च शुरू किया।ष्प्रदेश में लोकतंत्र की आवाज बुलंद करने वाले जन नेताओं पर दमन बर्दास्त नहीं!,दमन की राजनीति नहीं चलेगी!, सीतापुर के माले के जिला सचिव और लोकप्रिय जननेता का0 अर्जुन लाल पर की जा रही गुण्डा एक्ट की कार्यवाही वापस लो वाराणसी में किसानों–महिलाओं के ऊपर लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों को दण्डित करो। माले के लखनऊ पार्टी कार्यालय पर पुलिस हस्तक्षेप पर रोक लगाओ!,आदि नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय की ओर मार्च किया।मार्च को पुलिस ने स्वास्थ्य भवन चौराहा पर रोक लिया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए का0 रमेश सिंह सेंगर ने कहा कि बनारस से लेकर सीतापुर तक दमन तेजी से बढ़ा है। वाराणसी में जमीन अधिग्रहण के खिलाफ संघर्ष करने वाले किसानों महिलाओं पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया। सीतापुर में गरीबों–मजलूमों की आवाज बने लोकप्रिय जन नेता का0 अर्जुन लाल को गुण्डा एक्ट लगाकर उन्हें जिला बदर करने की साजिश रची जा रही है। प्रदेश में जगह–जगह जन पक्षधर नेताओं–कार्यकर्ताओं को योगी सरकार द्वारा दमन–उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है। लखनऊ के माले कार्यालय के विवाद में पुलिस गैर कानूनी हस्तक्षेप कर रही है। जिसे माले बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अगर योगी सरकार ने अपना रवैया नहीं बदला तो आन्दोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन में मांग की गई कि जबरिया भूमि अधिग्रहण के खिलाफ संघर्षरत किसानों–महिलाओं पर लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों को दण्डित किया जाए तथा गिरफ्तार किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए व उनके ऊपर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं।, सीतापुर के लोकप्रिय जन नेता का0 अर्जुन लाल के ऊपर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही वापस ली जाए।, लखनऊ माले कार्यालय पर पुलिस हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए।, जालौन के पार्टी जिला सचिव का0राजीव कुशवाहा के ऊपर दर्ज फर्जी मुकदमा वापस लिया जाए। तथा जंतर–मंतर पर आंदोलन कारी को न्याय और सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार किया जाए। सभा को ऐक्टू जिला मंत्री का0 कुमार मधुसूदन मगन ,इनौस नेता का0राजीव गुप्ता, ऐपवा नेत्री का0 कमला गौतम,आइसा के समर , वरिष्ठ पार्टी नेता का0संतोष मौर्य ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आइसा के अमन,हर्ष, का0रमेश शर्मा,का0. राम सेवक रावत,का0अनिल कुमार,का0ओ पी राज,का0अरविन्द कुमार का0राम अनुज ओझा,का0मो0आलम अंसारी,का0मंजू गौतम,क्रांति, सुमन सेंगर , सरिता यादव,का0शत्रुद्धन रावत,का0 नीरज कनौजिया,दीपक कनौजिया जसम के का0 मो0 कलीम खां,का0विजय कुमार, का0 उपेन्द्र पंडित,शत्रुद्धन कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# विराट रुद्र महायज्ञ में परिक्रमा को उमड़ी भीड़

### भिखारी बाबा का भी भक्तो ने लिया आशीर्वाद

दैनिक बुद्ध का सन्देश



सोनभद्र। चुर्क स्थित वन रेंज कार्यालय के सामने नवनिर्मित आदि शक्ति सदा शिव मंदिर धर्म स्थल तपोभूमि परिसर में वृहस्पतिवार को चौथे दिन वैदिक रीति से पूजन अर्चन कर विराट रुद्र महायज्ञ शुरू हुई, जिसमे जड़ी बूटियों से आहुति दी गई। जिससे समूचा वातावरण शुद्ध हो गया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ रही तथा हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भिखारी बाबा की भी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। आयोजित भंडारा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि चुर्क स्थित वन रेंज कार्यालय के सामने नवनिर्मित आदि शक्ति सदा शिव मंदिर उपासना स्थल परिसर में आचार्य राधेकृष्ण तिवारी, आचार्य रेवती तिवारी, आचार्य योगेश तिवारी, आचार्य कौशल तिवारी एवं आचार्य रामचंद्र तिवारी के जरिए वैदिक रीति से पूजन अर्चन कर विराट रूद्र महायज्ञ शुरू कराया गया। चौथे दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसकी वजह से हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ परिसर गुंजायमान हो गया। अहरौरा से आए प्रहलाद मौर्य उनकी धर्मपत्नी उषा मौर्य, सुरेश त्यागी, विशाल, अजय यादव, मुन्ना, छोटू, कृष्णावती आदि ने यज्ञ मंडप में जड़ी बूटी सामग्री से हवन किया। जिससे समूचा वातावरण शुद्ध हो गया। मंदिर समिति के संयोजक एडवोकेट सुरेंद्र त्यागी ने बताया कि विराट रूद्र महायज्ञ में प्रतिदिन दिल्ली से आए आचार्य कृष्ण बिहारी जी महाराज द्वारा रामकथा सुनाई जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन विशाल भंडारा भी चल रहा है, ताकि श्रद्धालु कथा श्रवण के साथ ही प्रसाद भी ग्रहण कर सकें। इसके अलावा भिखारी बाबा का पूजन करके श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया। प्रहलाद विश्वकर्मा, रामलखन मौर्य, राम ब्रिज विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# नशे की चपेट में आने से युवाओं की जिंदगी हो रही बर्बादः सौरभ कान्त पति तिवारी

### राबर्ट्सगंज के ब्राम्हनगर स्थित युवा भारत ट्रस्ट कार्यालय पर युवाओं को नशामुक्ति की दिलाई गई शपथ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। युवा भारत ट्रस्ट के द्वारा राबर्ट्सगंज नगर के ब्रम्हनगर स्थित कार्यालय पर वृहस्पतिवार को ट्रस्ट के प्रोग्राम



ऑफिसर चन्द्रभान गुप्ता के नेतृत्व में युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। युवाओ को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी ने बताया कि नशे की चपेट में आने से कई युवाओ का जीवन बर्बाद हो रहा है और नशे की वजह से समाज मे अराजकता भी फैल रही है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबारियों का बड़ा सिंडिकेट हमारे जनपद में काम कर रहा है जिसकी वजह से सबसे पहले युवाओं को नशे की लत पकड़ाई जा रही है और धीरे–धीरे उनको भी इस गोरख धंधे में ढकेल दिया जा रहा है। नशे का सामान न मिलने की वजह से युवा या तो चोरी छिनैती कर रहे है या तो आत्महत्या कर ले रहे है। भरी जवानी में कइयों माताओं ने अपना बेटा खोया है। इसलिए हम युवाओ को नशे से दूर कर स्वावलम्बी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। चन्द्रभान गुप्ता एंव दुद्धी ब्लॉक के सह–प्रभारी राज सिंह ने कहा कि हम हर हाल में युवाओ को नशे की ओर आकर्षित होने से बचाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा यह अभियान कई वर्षों से चल रहा है जो युवाओ के कल्याण के लिए जारी रहेगा। ब्लॉक सह–मीडिया प्रभारी अंगद कुमार एंव सूरज पाण्डेय ने कहा कि हम सब युवाओ के मार्गदर्शक सौरभ कांत जी से बहुत प्रभावित है और इनके साथ होने मात्र से हमारा मन साफ हो जाता है और अपने देश और समाज के लिए कुछ करने का जज्बा अपने आप आ जाता है। उक्त अवसर पर राज, आशीष कुमार, अरुण कुमार, सूरज, अंगद, सुरेंद्र कुमार, रोहित कुमार, सुनील कुमार, नैनलाल, कौशल सिंह पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# एग्रीजक्सन बैनर तले व्यवसाय करने के इच्छुक 5 जून तक आवेदन कर सकते हैं

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। उप कृषि निदेशक डी0के0 गुप्ता ने अवगत कराया है कि किसानों के लाभार्थ कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करेन के लिए एग्रीजक्शन के बैनर तले समस्त सुविधाएं ''वन स्टाप शाप'' के माध्यम से उपलब्धा कराने के लिए जनपद में 28 एग्रीजक्शन केन्द्र की स्थापना के लिए लक्ष्य प्राप्त हुये हैं, जिनकी स्थापना के लिए कृषि स्नातक योग्यताधारी इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदकों का चयन प्रत्येक विकास खण्ड में लक्ष्य के सापेक्ष सामानुपातिक अनुपात में किया जायेगा। यदि लक्ष्य के अनुरूप विकास खण्डों से आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होते हैं, तो लक्ष्य की पूर्ति अन्य विकास खण्डों से की जायेगी, इस योजना के लिए पात्रता निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में निवास करने वाले कृषि स्नातकध्कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातकध्स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयो यथा–उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधियॉ जो किसी राज्यध्केन्द्रीय विश्वविद्यालयोंध्यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त हो, पात्र होंगें। इसके अतिरिक्त उपरोक्त के अनुपलब्धता होने पर अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारीध्कृषि विषय में इण्टरमीडिएट योग्य अभ्यर्थी पर विचार किया जायेगा, आयु 40 वर्ष से अनधिक, अनु0 जातिध्अनु0जनजातिध्महिलाओं को 05 वर्ष छूट अधिकतम होगी, पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जायेगी। योजना लागत 6 लाख रूपये अधिकतम ऋण आवेदक द्वारा अभिदान किया जायेगा। आवेदक जो कृषि केन्द्र (एग्रीजक्शन) के बैनर तले व्यवसाय करने के इच्छुक हो वह 05 जून, 2023 तक समस्त औपचारिकताओं के साथ उप कृषि निदेशक, सोनभद्र के कार्यालय में अपना आवेदन कर सकते हैं।

# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# फायदेमंद है सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीना, कम होता है मोटापा, नहीं रहता सिरदर्द

आम तौर पर सुबह उठते ही लोग चाय पीना पसन्द करते हैं। चाय पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक या लाभकारक यह तो बहस का विषय है, लेकिन यदि सुबह की शुरूआत गुनगुने पानी को पीकर की जाए तो यह आपकी दिनचर्या और स्वास्थ्य को लाभकारी बनाता है। यूं तो 12 महीने आप गुनगुने पानी को पी सकते हैं, लेकिन सर्दियों में गुनगुने पानी का सेवन शरीर के लिए ज्यादा लाभकारी होता है। गर्म पानी का सेवन करने से शरीर के सभी हानिकारक तत्व (टॉक्सिंस) आसानी से बाहर निकलते हैं और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। पानी पीने का तरीका और सही समय कई तरह की बीमारियों को भी दूर रखता है। आज हम अपने खास खबर डॉट कॉम के पाठकों को यह बताने जा रहे हैं कि गुनगुने पानी का सेवन कैसे आपके शरीर को प्रभावित करते हुए सेहतमंद बनाता है। आइए डालते हैं एक नजर–

गैस और कब्ज की समस्या से मिलता है छुटकाराः सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीने से कब्ज की समस्या दूर होती है और गैस बनना भी बंद हो जाती है। दरअसल रात को सोते वक्त हमारे मुंह में जो लार बनती है वो कई तरह के रोगों से बचाती है, क्योंकि उसमें ऑक्सलाइड तत्व होते हैं। ये ही वजह है कि आयुर्वेद में भी सुबह उठते ही गुनगुने पानी पीने को सेहत के लिए फायदेमंद बताया गया है।

भूख बढ़ती हैः स्वास्थ्य विशेषज्ञ के मुताबिक, खाली पेट गर्म पानी पीने से भूख भी बढ़ती है। इससे सुबह का नाश्ता करने में आपको परेशानी नहीं होती और भरपूर नाश्ता करने के कारण शरीर में दिनभर ऊर्जा बनी रहती है। थकान भी नहीं लगती।



सिर दर्द से राहतः अगर आपको सिर दर्द की समस्या है तो रोजाना सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने की आदत डालें। दरअसल, शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी न होने से सिर दर्द होता है। इसलिए भरपूर मात्रा में पानी पिएं और रोज सुबह एक गिलास पानी के साथ दिन की शुरुआत करें।

रक्त संचार में सुधारः गर्म पानी के निरंतर सेवन से आपके रक्त संचार में सुधार होता है। गुनगुना पानी हमारे शरीर में जमने वाले फैट को निकाल देता है, जिससे आप तनाव मुक्त महसूस करती हैं। इससे कार्डियो वैस्कुलर बीमारियों के जोखिम को भी कम किया जा सकता है।

मोटापे की समस्या के लिए रामबाणः अगर आप मोटापे से परेशान हैं, तो सुबह उठते ही खाली पेट गुनगुना पानी पीजिये। यह आपके लिए रामबाण साबित होगा। दरअसल, रोज सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीने से आपका वजन कम होता है। आप गुनगुने पानी में नींबू मिला लें और प्रतिदिन सुबह उठते ही पिएं और फिर देखिए कैसे वजन कम होता है।

त्वचा में आता है निखारः गुनगुना पानी पीने से त्वचा में निखार आता है। शरीर में अधिक विषाक्त पदार्थ होते हैं, तो इससे त्वचा पर दाग धब्बे हो जाते हैं। त्वचा मुरझा जाती है और चमक चली जाती है। पानी तो त्वचा में निखार लाने में मददगार होती ही है। रोज सुबह उठकर एक गिलास पानी पीने से दाग–धब्बे से भी मुक्ति मिलती है। पीरियड्स में फायदेमंदः हर महीने होने वाले पीरियड्स में आप दर्द से परेशान रहती हैं। ऐसे में आपकी इस परेशानी को दूर करने के लिए हम एक कारगर उपाय बता रहे हैं, जो आपको राहत पहुंचा सकता है। पीरियड्स के दौरान गर्म पानी से पेट की सिकाई हो जाती है जिससे दर्द में आराम मिल सकता है। हेयर ग्रोथ में भी मददगारः जब आप गुनगुना पानी पीना शुरू करती हैं, तो इससे आपके शरीर के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। यह बालों की ग्रोथ के लिए भी जरूरी है। जब स्कैल्प तक बेहतर ऑक्सीजन की सप्लाई होती है, तो आपके बाल पहले से ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाते हैं। बॉडी को करता है डिटॉक्सः गुनगुने पानी के निरंतर सेवन से आपके शरीर में तापमान की बढ़ोतरी होती है, जिससे शरीर का एंडोक्राइन सिस्टम सक्रिय हो जाता है और पसीना आने लगता है और इसी के कारण शरीर में मौजूद विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इम्यूनिटी के लिए फायदेमंदः हर सुबह एक गिलास गर्म पानी में आधे नींबू का रस मिलाकर पीने से शरीर को विटामिन सी और पोटेशियम की अच्छी मात्रा मिलती है। खाली पेट गर्म पानी का सेवन करने से वजन कम होता है और इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

## वर्ष की दूसरी सर्वाधिक कमाई वाली फिल्म, 200 करोड़ के नजदीक पहुँची

द केरल स्टोरी प्रगति पर है। फिल्म ने अपने दूसरे सप्ताहांत में भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी गति बनाए रखी। अदा शर्मा और





योगिता बिहानी की प्रमुख भूमिकाओं वाली यह फिल्म धार्मिक रूपांतरण के गंभीर विषय और तीन महिलाओं के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया है।

शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, फिल्म 200 करोड़ रुपये तक पहुंचने के करीब पहुंच रही है। फिल्म आने वाले हफ्ते में आंकड़ा पार कर सकती है। शनिवार को, द केरला स्टोरी ने अपने सोलहवें दिन सभी भाषाओं में 9 करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ, फिल्म की कुल कमाई अब 180 करोड़ रुपये (लगभग) हो गई है। इसने शुक्रवार के कलेक्शन से भी बेहतर कमाई की है।

केरल स्टोरी का निर्माण विपुल शाह ने किया है और इसे दर्शकों से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली थी। कई लोगों ने इसे प्रोपेगेंडा फिल्म बताया।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विपुल शाह ने कहा, फिल्म का सफर शानदार रहा है लेकिन अभी लंबा सफर बाकी है। हम पर भी कई तरह के आरोप लगे। उन्होंने हमें प्रोपेगैंडा फिल्म कहा और क्या नहीं। लेकिन दर्शकों ने उस सबका जवाब दिया है। जिस तरह से दर्शकों ने फिल्म को स्वीकार किया और सराहा है और जो प्यार दिया है, वह उन सभी आरोपों का एक उपयुक्त जवाब है। फिल्म को पश्चिम बंगाल तमिलनाडु और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बैन का सामना करना पड़ा।




## राम चरण ने तेलुगु सिनेमा की ताकत पहचानने के लिए एनटीआर की तारीफ की



आरआरआर स्टार राम चरण ने कहा है कि टॉलीवुड हीरो से आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने वाले एन.टी. रामाराव ने तेलुगु को विश्व मानचित्र पर रखा और वह तब तक जीवित रहेंगे जब तक तेलुगु सिनेमा है। वह 28 मई को पडने वाली एनटीआर की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में शनिवार रात आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। विडंबना यह है कि राम चरण के पिता मेगा स्टार चिरंजीवी एनटीआर के राजनीतिक विरोधी हुआ करते थे, लेकिन स्पष्ट रूप से अब काफी समय बीत चुका है। एसएस राजामौली की आरआरआर में उनके सह–कलाकार जूनियर एनटीआर संयोग से आंध्र आइकॉन के पोते हैं। राम चरण ने कहा, आजकल तेलुगू सिनेमा की विदेशों में खूब तारीफ हो रही है और हर कोई दक्षिण भारतीय सिनेमा की तारीफ कर रहा है। ग्लोबल स्टार ने कहा, लेकिन, उन दिनों बहुत पहले एनटीआर गारू ने हमारे सिनेमा की ताकत को साबित किया। हमें उन दिनों के बारे में कभी नहीं भूलना चाहिए। हमें उन महान उपलब्धियों को याद रखना चाहिए। वह हैदराबाद में कुकटपल्ली के कैथलपुर मैदान में आयोजित शताब्दी समारोह में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में कई फिल्मी और राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर राम चरण ने एनटीआर गारू के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध को याद किया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि कहां से शुरू करूं। उनका नाम सभी बेंचमार्क और उपलब्धियों से परे है। नंदामुरी तारक राम राव गारू एक बड़े व्यक्तित्व थे। एनटीआर जैसे जन नेताओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने आदरपूर्वक कहा, हमें उनकी उपलब्धियों को याद रखना चाहिए और उनके जीवन जीने के तरीके से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके नक्शे कदम पर चलने से हमें बहुत गर्व और खुशी मिलती है। राम चरण ने कहा, मैं तथा सभी कलाकार, जो हर दिन फिल्म के सेट पर जाता है, उनका नाम याद करता है। उन्होंने हमें पहचान दी। फिल्म उद्योग क्या है? तेलुगु फिल्म उद्योग क्या है? हमारे पड़ोसी राज्यों के साथ–साथ पूरे देश और अन्य देशों के लिए भी? द ग्रेट लिजेंड एन. टी. रामा राव गारू ने हमारे फिल्म उद्योग को सम्मान दिलाया। इस उद्योग में एक महान व्यक्तित्व है। उस उद्योग में काम करना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है जहां एनटीआर गारू थे। निजी तौर पर राम चरण ने याद किया, मैं केवल एक बार एनटीआर गारू से मिला था। पुरंधरेश्वरी गारी के बेटे रितेश और मैं बचपन में एक साथ स्केटिंग कक्षाओं में जाते थे। हम सुबह 5.30 से 6.00 बजे तक अपनी कक्षाएं समाप्त कर लेते थे। सुबह एक दिन रितेश ने मुझे अपने साथ अपने दादा के घर चलने को कहा। वह उस समय मुख्यमंत्री थे। उनके पास भारी सुरक्षा थी। मुझे लगा कि मुझमें हां या नहीं कहने की ताकत भी नहीं है। मैंने कहा ठीक है। हम दोनों पुरंधरेश्वरी गारी के घर से अपनी स्केट्स पर चले गए और सुबह 6.30 बजे रामा राव गारू के घर पहुंचे। मैं एनटीआर गारू से मिलना चाहता था और उनसे विदा लेना चाहता था। लेकिन जब हम उनके घर पहुंचे तो वह नाश्ता करने वाले थे। जब उन्होंने मुझे देखा तो उन्होंने मुझे बिठाया और टिफिन की पेशकश की। मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा था। मैं हमेशा याद रखूंगा, उनके साथ नाश्ता साझा करने का वह क्षण। मुझे वह अवसर देने के लिए मैं पुरंधरेश्वरी गारी को धन्यवाद देता हूं।


## कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के लिए काफी एक्साइटिड हैं मौनी रॉय

एक्ट्रेस मौनी रॉय चल रहे प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनका कहना है कि वह



वैश्विक मंच पर सिनेमा के प्रति अपने जुनून को दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, मौनी, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए आईवियर ब्रांड लेंसकार्ट के साथ सहयोग किया है, ने कहारू मुझे कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी शुरूआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। कान में लेंसकार्ट का प्रतिनिधित्व करना और इस उत्सव का हिस्सा बनना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। मैं इस अविश्वसनीय अवसर के लिए आभारी हूं और इस वैश्विक मंच पर सिनेमा के लिए अपनी अनूठी शैली और जुनून दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। वर्कफ्रंट की बात करें तो मौनी द वर्जिन ट्री में नजर आएंगी। इसमें कई अन्य लोगों के अलावा संजय दत्त और पलक तिवारी भी हैं।

## शारीरिकि सम्बन्धों से होती है त्वचा चमकदार, स्वस्थ रहता है मनुष्य



जिस तरह से शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भोजन, पानी और हवा की आवश्यकता होती है उसी तरह से शरीर को स्वस्थ व चमकदार बनाने के लिए दो विपरीत लिंग वाले व्यक्तियों में शारीरिक सम्बन्ध होना आवश्यक होता है। इन सम्बन्धों के अभाव में व्यक्ति कई बीमारियों का शिकार हो जाते हैं, त्वचा ढीली व कमजोर होने लगती है साथ ही त्वचा की चमक खत्म हो जाती है। आत्मिक तृप्ति प्राप्त करने के लिए शारीरिक सम्बन्ध बनाना आवश्यक माना गया है। शारीरिक सम्बन्धों से त्वचा चमकदार बनती है जब हम शारीरिक सम्बन्ध बनाते हैं तो हमारे शरीर में एक हार्मोन्स उत्पन्न होता है, जिसे एस्ट्रोजन हार्मोन के नाम से जाना जाता है और यह हार्मोन हमारे शरीर में ऑस्टियोपोरोसिस नामक बीमारी को होने से रोकता है। आज हम अपने खास खबर डॉट कॉम के पाठकों को यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि शारीरिक सम्बन्ध बनाने से हमारी त्वचा (स्किन) को क्या फायदे होते हैं। आइए डालते हैं एक नजरकृ

1. सेक्स करने के दौरान हमारे शरीर में एंडॉर्फिन हार्मोन की मात्रा बढ़ जाती है और ये एंडॉर्फिन हार्मोन हमारे शरीर में त्वचा को चमकदार, सुन्दर और चिकनी बनाने में मदद करता है।

2. सेक्स किसी एक्सरसाइज से कम नहीं है, क्योंकि जब आप एक्सरसाइज करते हैं तो शरीर में ब्लड सर्कुलेशन होता है, जिसके कारण, ब्लड और ऑक्सीजन दोनों ही खींचता है और यही कारण है कि त्वचा में ग्लो आता है।

3. जब आप अपने पार्टनर के साथ सम्बन्ध बनाते हैं, तो उसके बाद आप बहुत ही ज्यादा रिलैक्स फील करते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि शरीर से ऑससीटोसिन नाम का एक हार्मोन निकलता है, जो रिलैक्स करता है।

4. रोजाना शारीरिक सम्बन्ध बनाने से अच्छे हार्मोन के स्तर में वृद्धि होती है क्योंकि कोर्टिसोल नाम का हार्मोन ही झुर्रियों के लिए जिम्मेदार माना जाता है। ऐसे में सेक्स के दौरान एस्ट्रोजन की मात्रा उच्च होने से त्वचा में कोलेजन उत्पादन को भी बढ़ावा मिलता है जिसके कारण आपके चेहरे पर झुर्रियों का आगमन देर से होता है और आप अपनी उम्र से कम दिखने लगते हैं।

5. सेक्स ना केवल आपके चेहरे पर चमक लाता है, बल्कि यह आपके बालों और नाखून को भी मजबूत बनाता है। सेक्स से शरीर में पोषण को भी अवशोषित करने की क्षमता में सुधार करता है। इसके जरिए बालों और नाखून को मजबूती मिलती है।